**सुविचार**

यदि किसी को दूध नहीं दे सकते, तो मत दो। मगर छाछ देने में क्या हर्ज है? यदि किसी भूखे को अन्न देने में समर्थ नहीं हो तो कोई बात नहीं, पर प्यासे को पानी तो पिला सकते हो।

तुकाराम

हिंदी दैनिक

# द फोटोन न्यूज

सच के हक में...

झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित

रांची ● रविवार, 02 अप्रैल 2023 ● वर्ष : 01 ● अंक : 103 ● रांची संस्करण ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 ● www.thephotonnews.com

E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com






तब्बू सहजता से अपने किरदारों के सुर में ढल जाती है : अजय देवगन


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 58,991.52 |
| निफ्टी | : | 17,359.75 |

**सर्राफा**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,655 |
| चांदी | : | 77.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)





इफ्तार (रविवार) : 06.05

सेहरी (सोमवार) : 04.24

# सासाराम और नालंदा में हिंसा : चले बम और गोलियां, एक की मौत, बिहारशरीफ में कर्फ्यू

## 30 राउंड हुई फायरिंग, तीन को लगी गोली, पुलिस पर भी पथराव, दर्जनों लोग घायल

- पूरे बिहार के 5 जिलों में हिंसक घटनाएं, रोहतास, नालंदा, भागलपुर, मुंगेर और गया में रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसक झड़प
- नालंदा, सासाराम और गया से अब तक 61 गिरफ्तार, सासाराम में पांच आईपीएस अधिकारियों की तैनाती

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के सासाराम और नालंदा में शनिवार को फिर हिंसा भड़की। घटना में बम और गोलियां चली। इसमें एक की मौत हो गयी, जबकि दर्जनों घायल हैं। तीन लोगों को गोली लगने की खबर है। जानकारी के अनुसार नालंदा के बिहारशरीफ में दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई है। इसमें 3 लोगों को गोली लगी है। बाद में इनमें से एक की मौत हो गई। नालंदा में शुक्रवार को जहां हिंसा हुई थी, वहां से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर शनिवार को फिर हिंसा हुई। इस दौरान करीब 30 राउंड फायरिंग की गई। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब दोनों पक्षों से कोई वहां मौजूद नहीं था। जिन्हें गोली लगी है उनमें से 2 अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं एक की मौत हो गई है। पुलिस पर भी पथराव हुआ है। घटना के बाद बिहारशरीफ इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

**इधर, सासाराम में फिर बमबारी**

सासाराम के सफ्फुलागंज में शनिवार शाम को फिर बम फेंके गए। इसके बाद पुलिस ने इलाके के घरों में सघन छापेमारी की। इसमें 8 और लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस तरह अब तक कुल 25 लोगों को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है। सासाराम में फिलहाल 5 आईपीएस अधिकारियों की तैनाती की गई है। ● शेष पेज 2 पर



बवाल के बाद मोर्चा संभालते पुलिस के जवान ● एजेंसी

### नालंदा और सासाराम में इंटरनेट सेवाएं डाउन

नालंदा में धारा 144 लागू करने के साथ ही इंटरनेट सेवाएं डाउन कर दी गयी है। जबकि सासाराम में भी इंटरनेट बंद कर दी गयी है। गया और भागलपुर में फोर्स की तैनाती की गई है। नालंदा, सासाराम और गया से अब तक 61 लोगों की गिरफ्तार की गई है। पूरे बिहार की बात करें तो, 4 जिलों में हिंसक घटनाएं हुई। रोहतास, नालंदा, भागलपुर और गया में रामनवमी की शोभायात्रा को लेकर शुक्रवार को हिंसक झड़प हुई। इस घटना के बाद पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

### बिहारशरीफ में आठ एफआईआर दर्ज

बिहारशरीफ में हुए हिंसक झड़प में 8 एफआईआर दर्ज की गई है। लहेरी थाना में 7 और बिहार थाना में एक एफआईआर दर्ज हुई है। लहेरी थाने में दो एफआईआर पुलिस और पांच एफआईआर लोगों ने की है। शनिवार को उपद्रव वाले इलाके में फ्लैग मार्च निकाला गया। रविवार को धारा-144 हटा दी जाएगी। इंटरनेट बहाल करने का भी निर्णय रविवार को ही लिया जाएगा। इसके अलावा शांति समिति की बैठक सभी वार्ड में की जाएगी।

### हिंसा फैलाने वाले उपद्रवियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : नीतीश कुमार



बिहार के सासाराम और नालंदा में रामनवमी के बाद हुई हिंसा की घटनाओं पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि जो घटना हुई है, यह दुख की बात है। सरकार अलर्ट मोड में है। अधिकारी नजर बनाए हुए हैं। गड़बड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 'ये लॉ एंड ऑर्डर का नहीं, बल्कि आपस का मामला है', गड़बड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा'। उन्होंने दोनों जिलों की हिंसात्मक वारदात के पीछे साजिश होने की बात करते हुए कहा कि पुलिस को पता लगाने के निर्देश दिए गए हैं कि इसके पीछे कौन लोग हैं जो यह सब करा रहे हैं। हमें कल जैसे ही पता चला अलर्ट होकर तेजी से काम किया। तुरंत पुलिस ने आला अधिकारियों के साथ वहां स्थिति को नियंत्रित किया। उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा हिंसात्मक वारदात कराने वाले लोगों का पता लगाकर पुलिस उनके खिलाफ जरूर कार्रवाई करेगी। ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा जो इन घटनाओं में शामिल रहा हो। दोनों जिलों में हुई हिंसा की घटनाओं के बाद बड़े धारा 144 लागू है। साथ ही इंटरनेट भी बंद कर दिया है।

### अमित शाह का सासाराम-पटना दौरा रद्द

बिहार के नालंदा और सासाराम में दो गुटों के बीच संघर्ष के कारण केंद्रीय गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह का कार्यक्रम एक-एक कर लगातार कैंसिल हो रहा है। शनिवार को उनके पटना पहुंचने से पहले भाजपा ने सासाराम की उनकी रैली को कैंसिल करने की घोषणा की। शाम में नालंदा में लगातार दूसरे दिन हिंसक घटना में एक की मौत और एक धार्मिक स्थल में आगजनी की घटना के बाद कर्फ्यू लगाने की खबर आई तो गृह मंत्री का पटना में होने वाला कार्यक्रम रद्द करने की घोषणा हुई। रात साढ़े 10 बजे तक नवादा के जिलाधिकारी तक रविवार को गृह मंत्री के कार्यक्रम के रद्द होने की सूचना नहीं पहुंची थी, हालांकि माना जा रहा है कि नालंदा से सटे इस जिले का भी कार्यक्रम इस हालत में कभी भी कैंसिल हो सकता है।

### मुंगेर में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हिंसा

मुंगेर में शनिवार को प्रतिमा विसर्जन के दौरान विवाद हो गया है। दो पक्षों के बीच पथराव और मारपीट हुई है। पुलिस की गाड़ी में भी तोड़फोड़ की गई है। कई लोग जख्मी हैं। दो गांव में तनाव को देखते हुए एसडीएम, डीएसपी सहित कई थानों की टीम मौके पर पहुंच गई है। मामला नयारामनगर थाना क्षेत्र के गढ़ीरामपुर गांव का है।

### 61 लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी

बिहारशरीफ में दो पक्षों में झड़प में 6 लोगों को गोली लगी है, जबकि पत्थरबाजी में 22 लोग घायल हैं। पत्थरबाजी के बाद यहां लोगों ने दुकानों में लूटपाट भी की। नालंदा में 27, रोहतास में 26 और गया में 18 की गिरफ्तारी हुई है।

**ब्रीफ न्यूज**

### गिरिडीह में हिरण को मारी गोली, ग्रामीणों ने बचाया

**गिरिडीह :** जिले के बगोदर में दोंदलो गांव किसी ने एक हिरण के बच्चे को गोली मार दी। गोली उसके पांव में लगी। हिरण बंद पड़े खदान में कूद गया। गांव के मुखिया तुलसी महतो ने ग्रामीणों के सहयोग से उसे बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के पदाधिकारियों ने पशु चिकित्सक से हिरण के बच्चे का प्राथमिक इलाज कराते हुए हजारीबाग भेज दिया। बगोदर के वनपाल अंशु पांडेय की देखरेख में हिरण के बच्चे को भेजा गया। वैसे यह स्पष्ट नहीं हुआ है गोली किसने मारी है। बगोदर पुलिस और वन विभाग दोनों ही मामले की जांच-पड़ताल कर रहे हैं।

### आइजी भी अब बन सकेंगे एसीबी के प्रमुख

**रांची :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को पुनर्गठित करने के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार अब एसीबी प्रमुख के पद पर डीजी या एडीजी रैंक के अधिकारी के नहीं रहने पर आइजी स्तर के अधिकारी एसीबी प्रमुख का काम करेंगे। आइजी ही एसीबी प्रमुख को दी गयी अन्य शक्ति कार्यों का निर्वहण करेंगे।

### वाइस एडमिरल अतुल आनंद बने नौसेना के डायरेक्टर जनरल ऑपरेशंस

**नई दिल्ली :** वाइस एडमिरल अतुल आनंद को नौसेना का नया डायरेक्टर जनरल ऑपरेशंस नियुक्त किया गया है। अति विशिष्ट सेवा मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त करने वाले वाइस एडमिरल ने अपने नौसैनिक करियर में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। उन्होंने महानिदेशक नौसेना संचालन पद पर शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वाइस एडमिरल अतुल आनंद ने 01 जनवरी, 1988 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त होने के बाद अपना करियर शुरू किया था। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (71वां कोर्स, डेल्टा स्क्वाड्रन) रक्षा सेवा कमान और स्टाफ कॉलेज, मीरपुर (बांग्लादेश) और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज, नई दिल्ली के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने एशिया पैसिफिक सेंटर फॉर सिक्योरिटी स्टडीज, हवाई, यूएसए में प्रतिष्ठित एडवांस सिक्योरिटी कोऑपरेशन कोर्स में भी भाग लिया है। उनकी शैक्षणिक योग्यता में रक्षा और सामरिक अध्ययन में एमफिल और एमएससी, रक्षा अध्ययन में परास्नातक और बीएससी की डिग्री शामिल है। अति विशिष्ट सेवा मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त करने वाले वाइस एडमिरल अतुल आनंद ने अपने नौसैनिक करियर में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है, जिसमें टीआरवी ए72 में टॉरपीडो रिकवरी पोत, मिसाइल बोट आईएनएस चातक, कार्वेट आईएनएस खुखरी और विध्वंसक आईएनएस मुंबई की कमान शामिल है।

## नक्सल प्रभावित छह जिलों को केंद्रीय सहायता के तहत मिले 51.73 करोड़

**वरीय संवाददाता, रांची।**

राज्य के छह नक्सल प्रभावित जिलों गिरिडीह, गुमला, खूंटी, सरायकेला, चतरा और चाईबासा को वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 51.73 करोड़ रुपये मिले हैं। यह राशि केंद्र प्रायोजित पुलिस आधुनिकीकरण योजना अंतर्गत विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत दी गयी है।

गिरिडीह को 10.25 करोड़, गुमला को 10.25 करोड़, खूंटी को 9.89 करोड़, सरायकेला को 10.25 करोड़, चाईबासा को 10.25 करोड़ और चतरा 84 लाख रुपये मिले हैं। इस राशि से राज्य के छह जिलों में सार्वजनिक



आधारभूत संरचना और सेवाओं से संबंधित क्रिटिकल गैप्स को भरा जायेगा। इसके लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने देश के अति उग्रवाद प्रभावित जिलों में विशेष केंद्रीय सहायता देने की योजना बनायी थी, जिसमें छह जिले झारखंड के हैं।

झारखंड के आठ जिले माओवादियों की सक्रियता के लिहाज से अति माओवाद प्रभाव श्रेणी में हैं जबकि 16 जिलों में माओवादियों का प्रभाव है। देश के अति माओवाद प्रभाव वाले 25 में आठ जिले झारखंड के हैं। झारखंड में माओवाद प्रभाव वाले 16 जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। वहीं आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम हैं।

फोटोः द फोटोन न्यूज



झारखंड का मौसम लगातार करवट ले रहा है। बीते कुछ दिन से राज्य के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। इसी बीच इंद्रधनुष के इस खुबसूरत नजारे ने सभी को आकर्षित कर लिया। रांची में शनिवार को दोपहर में हल्की आंधी के बाद बारिश शुरू हुई। शाम को बारिश रुकने के बाद यह मनोरम दृश्य देखने को मिला। इंद्रधनुष को देख सबको कौतूहल हुआ। कई लोगों ने इस नजारे को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया। रांची में इंद्रधनुष का यह नजारा वाकई बेहद खुबसूरत दिख रहा था।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रानी कमलापति स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी, बोले**

## उमंग और तरंग का प्रतीक है नए भारत की वंदे भारत ट्रेन

**एजेंसी, भोपाल।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वंदे भारत ट्रेन नए भारत की उमंग और तरंग का प्रतीक है। यह भारत की आधुनिकतम ट्रेन है, जिसके लोकार्पण का उन्हें सौभाग्य मिला है। रेलवे के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि कोई प्रधानमंत्री इतने कम अंतराल में किसी रेलवे स्टेशन पर दोबारा किसी कार्यक्रम में आया है। पहले रानी कमलापति स्टेशन के लोकार्पण में आया था और आज वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने आया हूं।

प्रधानमंत्री शनिवार को भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने ट्रेन के कोच में जाकर स्कूली बच्चों से बातचीत की। उन्होंने ड्राइविंग कैब के क्रू मेम्बर्स से भी संवाद किया। वंदे भारत एक्सप्रेस पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश निरंतर विकास की गाथाएं लिख रहा है। खेती, उद्योग, गरीबों के लिए घर, हर घर जल से नल, गेहूं उत्पादन आदि अनेक क्षेत्रों में प्रदेश अग्रणी है। पहले बीमारू कहा जाने वाला राज्य आज हर क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य कर रहा है। हमें विकसित भारत में मध्य प्रदेश की भूमिका को और बढ़ाना है। नई वंदे भारत ट्रेन इसी संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आज मध्य प्रदेश को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मिली है। ये ट्रेन प्रोफेशनल्स, नौजवानों, कारोबारियों के लिए नई सुविधा लेकर आएगी।





मलापति स्टेशन में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाते पीएम नरेंद्र मोदी ● एजेंसी

### हर भारतीय मोदी का सुरक्षा कवच

मोदी ने कहा कि जब यह कार्यक्रम तय हुआ तो मुझे बताया गया कि एक अप्रैल को कार्यक्रम है। मैंने कहा कि एक अप्रैल को क्यों रखा है? जब अखबार में खबर आएगी कि मोदी जी एक अप्रैल को हरी झंडी दिखाने वाले हैं, तो हमारे कांग्रेस के मित्र बयान देंगे कि मोदी अप्रैल फूल बनाएगा। उन्होंने कहा कि देश में विकास के लिए हो रहे प्रयासों के बीच आपको एक बात बताना चाहता हूं। 2014 के बाद से देश में कुछ लोग ठानकर बैठे हैं कि मोदी की छवि धूमिल करेंगे। यह लगातार कोशिश करते रहे हैं कि किसी तरह मोदी की इमेज को धूमिल कर दें। आज हर भारतीय मोदी का सुरक्षा कवच है, इसीलिए ये लोग बौखला गए हैं। नए-नए पैंतरे अपना रहे हैं। इन लोगों ने भांति-भांति के लोगों को सुपारी दे रखी है।

## मुंबई में गोल्ड मेडल से सम्मानित हुईं डॉ भारती



गोल्ड मेडल प्राप्त करने के बाद डॉ भारती कश्यप व अन्य ● सोशल मीडिया

**वरीय संवाददाता, रांची।**

मुंबई नेत्र सोसायटी एवं आई एडवांस संस्था द्वारा मुंबई में 25 मार्च को मुंबई नेत्र सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में डॉ भारती कश्यप को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की वजह से गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। उन्हें यह गोल्ड मेडल पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं पद्मश्री डॉ विकास महात्मे के द्वारा दिया गया। प्रतिवर्ष संस्था द्वारा गोल्ड मेडल मोतियाबिंद एवं लासिक सर्जरी के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले देश के कुछ चुनिंदा नेत्र चिकित्सकों को दिया जाता है। वर्ष 2019 में इंडियन सोसायटी ऑफ कैटरैक्ट एंड इफेक्टिव सर्जरी के द्वारा डॉ भारती कश्यप को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया था। आपको बता दें कि लेजर एसिस्टेड ब्लेड रहित मोतियाबिंद सर्जरी की इस पद्धति को झारखंड में लाने का श्रेय कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल को जाता है।

# चलो रांची के साथ प्रोजेक्ट भवन सचिवालय पर 11 अप्रैल को प्रदर्शन करेगी भाजपा : दीपक प्रकाश

**संवाददाता, रांची।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को प्रदेश कार्यालय में कोर कमिटी की बैठक हुई। बैठक के बाद दीपक प्रकाश ने कहा कि आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत, धारदार, सर्व व्यापी सर्व स्पर्शी, सर्व समावेशी बनाने के साथ आगामी विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों और 11 अप्रैल को रांची में राज्य सरकार के खिलाफ होने वाले ऐतिहासिक जनांदोलन पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। प्रकाश ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चलने वाली झामुमो कांग्रेस राजद ठगबंधन की सरकार से जनता ऊब चुकी है। भाजपा राज्य की सवातीन करोड़ जनता की भावनाओं की अभिव्यक्ति है।

उन्होंने कहा कि अब तो मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में जनता सड़कों पर धरना देकर राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प व्यक्त कर रही है। उन्होंने आज युवाओं के द्वारा नियोजन नीति के खिलाफ बुलाए गए ऐतिहासिक संथाल परगना बंद के लिए जनता का आभार प्रकट किया।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश प्रदेश कार्यालय रांची में कोर कमिटी की बैठक करते • द फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि सफेद झूठ बोलकर, लोगों को मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाकर सत्ता में आने वाली सरकार को अब सच से सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता का आक्रोश दिनोदिन राज्य सरकार के खिलाफ बढ़ता ही जा रहा है।

प्रकाश ने कहा कि 11 अप्रैल को प्रदेश भाजपा के बैनर तले राज्य के 32 हजार गांवों से रांची की धरती पर जनसैलाब उतरेगा। जनता इस भ्रष्ट निकम्मी राज्य सरकार के सचिवालय को घेर कर उनके वादे को याद कराएगी। सरकार या तो अपना वादा निभाए या फिर कुर्सी छोड़े। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केवल लूट, घोटाले, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण में लगी है। राज्य में वित्तीय अराजकता की स्थिति भयावह है। यह देश का पहला राज्य है जहां मार्च लूट के तहत एक दिन में 5000 करोड़ रुपये की निकासी होती है। सरकार की लोक लुभावन योजनाओं का बुरा हाल है। साथ ही बजट के 11 हजार करोड़ रुपये सरेंडर हो गए। उन्होंने कहा कि आंदोलन के अतिरिक्त पार्टी की सांगठनिक गतिविधियां की चर्चा हुई, जिसमें बूथ सशक्तिकरण अभियान, राष्ट्रपति के अभिभाषण कार्यक्रम की समीक्षा हुई। उन्होंने कहा कि आगामी छह अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस घर घर झंडा लगाकर मनाया जायेगा। साथ ही छह अप्रैल को पार्टी के कार्यकर्ता जनता के साथ मिलकर 9.30 बजे प्रातः प्रधानमंत्री जी का संबोधन सुनेंगे।

इसके अलावा 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह के अलावा महान समाज सुधारक ज्योतिबा फूले की जयंती सहित सामाजिक समरसता से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज देश में राज्य की छवि नए उद्योग धंधे लगाने वाली नही बल्कि पुराने उद्योग धंधों को बंद करने वाली बन गई है। नीति आयोग की रिपोर्ट राज्य की नकारात्मक छवि उजागर हुई है।

मौके पर प्रदेश प्रभारी सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपाई,नेता विधायक दल एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद सुनील कुमार सिंह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी शामिल हुए।

## इंदिरा गांधी ने 50 साल पहले शुरू किया था प्रोजेक्ट टाइगर : जयराम रमेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने देश में बाघों के बचाव और टाइगर रिजर्व को समृद्ध करने का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को दिया। कांग्रेस नेता ने शनिवार को कहा कि आज से 50 साल पहले इंदिरा गांधी ने कॉर्बेट में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरूआत की थी। तब 9 टाइगर रिजर्व थे, आज 53 हैं।

जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, गिर लायन प्रोजेक्ट लॉन्च करने के 15 महीने बाद, आज से ठीक 50 साल पहले इंदिरा गांधी ने कॉर्बेट में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरूआत की थी, तब 9 टाइगर रिजर्व थे, आज 53 हैं। टाइगर रिजर्व अब समृद्ध वन क्षेत्रों का एक तिहाई है।

**पीएम मोदी मेगा इंवेट की करेंगे शुरूआत :** बता दें कि देश में टाइगर प्रोजेक्ट की शुरूआत 1973 में हुई थी। जबकि एलीफेंट प्रोजेक्ट



वर्ष 1992 में लॉन्च हुआ था। अप्रैल में टाइगर प्रोजेक्ट के पचास साल और एलीफेंट प्रोजेक्ट के तीस साल पूरे होने के मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय एक कार्यक्रम करने की तैयारी में है।

इसी सिलसिले में 9 अप्रैल को पीएम नरेंद्र मोदी कर्नाटक के चुनावी दौरे के दौरान बांदीपुर टाइगर रिजर्व में सफारी की यात्रा करेंगे। पीएम टाइगर प्रोजेक्ट के 50 साल पूरे होने के अवसर में मैसूरु और चामराजनगर जिलों में आयोजित होने वाले मेगा इवेंट की शुरूआत करेंगे।

# मुख्यमंत्री के आदेश पर होनहार अंकित के परिजनों को मिला योजनाओं का लाभ

### अंकित की पढ़ाई और परिवार के जीविकोपार्जन में आ रही अड़चने हुईं दूर

**संवाददाता, रांची।**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश को उपायुक्त बोकारो ने अमलीजामा पहना दिया। मुख्यमंत्री को उपायुक्त बोकारो ने बताया कि अंकित कुमार एवं उनकी माता बिराजू देवी से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी को डा. भीमराव आंबेडकर आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति का आदेश दिया गया है।

अंकित के लिए कोचिंग संस्थान में नामांकन, आवासन, पुस्तक,नोटबुक आदि की व्यवस्था प्रशासन द्वारा जल्द सुनिश्चित कराने, परिवार को जीविकोपार्जन में सहयोग को ले मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, जेएसएलपीएस योजना के तहत क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराने, अंकित की छोटी बहन पिंकी को 11वीं में केजीबीवी गोमिया में नामांकन एवं पिता अशोक प्रजापति को संपूर्ण चिकित्सीय जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पूर्व से राशन कार्ड, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिल रहा है।



**यह था मामला :** मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि बोकारो निवासी अंकित कुमार ने मैट्रिक परीक्षा 2022 में करीब 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से वह आगे की पढ़ाई करने में असमर्थ है। अंकित के पिता शारीरिक रूप से कमजोर हैं और मजदूरी करने वाली मां का वाहन दुर्घटना में हाथ-पैर टूट गया था, जिससे पूरे परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त बोकारो को अंकित की पढ़ाई के लिए हरसंभव सरकारी सहायता पहुंचाने एवं अंकित के परिवार को जरूरी सभी योजनाओं से जोड़ते हुए भी सूचित करने का आदेश दिया था।

## पेज एक का शेष

### सासाराम और नालंदा में हिंसा...

**बिहारशरीफ में ऐसे बढ़ा विवाद :** जानकारी के अनुसार नालंदा के बिहारशरीफ के गगन दीवान मोहल्ले में शोभायात्रा में शामिल कुछ लोग कब्रिस्तान के ऊपर से चढ़ कर जाने लगे। इस दौरान एक पक्ष की ओर से गाली-गलौज की गई। फिर पथराव और आगजनी शुरू हो गई। फिलहाल कमिश्नर रवि कुमार और आईजी राकेश राठी घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। उपद्रवियों ने दुकानों को लूटाबिहारशरीफ में झड़प के बाद उपद्रवियों ने लूटपाट भी की। नाला रोड स्थित डिजिटल दुनिया नाम की एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में उपद्रवियों ने लूटपाट की, जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आ गया है। इसमें दिख रहा है कि 20 से 30 की संख्या में लोग दुकान से इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर भाग रहे हैं।

## पीएम ने सशस्त्र बलों की सुरक्षा स्थिति और ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की

**एजेंसी, भोपाल।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित तीन दिवसीय कंबाइंड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सशस्त्र बलों की सुरक्षा स्थिति और ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र सेनाओं को आवश्यक हथियारों तथा प्रौद्योगिकी से लैस करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं और उन्हें नए तथा उभरते खतरों से निपटने के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने प्रधानमंत्री मोदी को कंबाइड कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में हुई विभिन्न चचाओं के बारे में जानकारी दी। देश के संयुक्त शीर्ष स्तरीय सैन्य नेतृत्व वाली इस कॉन्फ्रेंस की थीम रेडी, रिसरजेंट, रिलेवेंट थी। कॉन्फ्रेंस के अंतिम दिन डिजिटलाइजेशन, साइबर सिक्योरिटी, सोशल मीडिया की चुनौतियों, आत्मनिर्भरता और अग्निवीर जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री मोदी को कॉन्फ्रेंस में स्वदेशी सैन्य नवाचारों के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा अधिकारियों ने उन्हें वर्चुअल रियलिटी आधारित 84 मिमी रॉकेट लॉन्चर फायरिंग सिम्युलेटर के बारे में भी बताया। इसका उपयोग रियलस्टिक एनवायरनमेंट में रॉकेट लॉन्चर फायरर की ट्रेनिंग देने में इस्तेमाल किया जा सकता है। सैन्य प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के साथ ही एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और वायुसेना प्रमुख एसीएम वीआर चौधरी भी प्रदर्शनी में मौजूद थे।

## भाजपा विधायक एनवाई गोपालकृष्ण ने दिया इस्तीफा, कांग्रेस में होंगे शामिल

**एजेंसी, सिरसी।**

कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कुदलिगी से भाजपा विधायक एन वाई गोपालकृष्ण ने शुक्रवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया और उनके कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है।

**स्पीकर को सौंपा इस्तीफा :** गोपालकृष्ण ने स्पीकर विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी से उनके कार्यालय में मुलाकात की और इस्तीफा सौंपा। रिपोर्टों के अनुसार, उन्होंने हाल ही में राज्य के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं डी के शिवकुमार और सिद्धारमैया से मुलाकात की थी और चर्चा की थी।

**चार बार कांग्रेस से बने विधायक :** गोपालकृष्ण पहले कांग्रेस के साथ थे और चार बार चित्रदुर्ग जिले के मोलाकलमुरु विधानसभा क्षेत्र से चुने गए थे। 2018 में कांग्रेस का टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने चुनाव से पहले भाजपा का दामन थाम लिया था। पार्टी ने उन्हें मोलाकालमुरु के बजाय विजयनगर जिले के कुदलिगी से टिकट दिया, क्योंकि वहां से वरिष्ठ नेता श्रीरामुलु को मैदान में उतारा गया था। वे चुनाव जीतने में सफल रहे।



**कांग्रेस में शामिल होने के लिए सदस्यता छोड़ चुके हैं दो एमएलसी :** इस महीने की शुरूआत में, भाजपा के दो एमएलसी पुत्तन्ना और बाबूराव चिंचनसुर कांग्रेस में शामिल होने के लिए विधान परिषद की सदस्यता छोड़ चुके हैं। जद (एस) विधायक एस आर श्रीनिवास (गुब्बी श्रीनिवास उर्फ वासु) 27 मार्च को विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस में शामिल होने के इच्छुक लोगों की एक लंबी सूची है और यह आने वाले दिनों में चरणबद्ध तरीके से बताया जाएगा।

### सांसद संजय राउत ने कहा कि अंजाम पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला जैसा होगा

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने भेजा धमकी भरा मैसेज

**एजेंसी, महाराष्ट्र।**

शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत को जान-माल की धमकी मिली है। राउत ने बताया कि उन्हें लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से धमकी भरा मैसेज मिला है। जिसमें दिल्ली में हत्या करने की धमकी दी गई है। यह भी कहा गया कि अंजाम पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला जैसा होगा। धमकी के बाद संजय राउत ने शिकायत दर्ज कराई है। महाराष्ट्र पुलिस जांच में जुट गई है।

**हिंदू विरोधी बताते हुए लिखे अपशब्द :** संजय राउत का कहना है कि मैसेज में हिंदू विरोधी बताते हुए अपशब्द भी कहे गए हैं। उन्होंने बताया कि मैसेज में लिखा है कि तू दिल्ली में मिला तो तुझे एके 47 से उड़ा दूंगा। तेरा भी मूसेवाला हो जाएगा। लॉरेंस की तरफ से मैसेज है। सलमान और तू फिक्स, तैयारी करके रखना।

**ज्यादा बोलूंगा तो भूकंप आ जाएगा :** संजय राउत ने कहा कि यह मेरे साथ पहली बार नहीं हुआ है। इस सरकार के आने के बाद हमारी सुरक्षा घटाई गई लेकिन हमने इसके बारे में ज्यादा नहीं बोला है। मुख्यमंत्री का बेटा एक गुंडे के साथ मुझ पर हमला करने की साजिश करता है इसको लेकर मैं पत्र लिखता हूं तो कहा जाता है कि यह एक स्टंट है। अगर हम सच बोलने पर आ गए तो भूकंप आ जाएगा।

**18 मार्च को सलमान खान को मिली थी धमकी :** 18 मार्च को बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को एक ईमेल मिला था। जिसको लेकर तीन दिन पहले 29 मार्च को मुंबई पुलिस ने एक बड़ा खुलासा किया है।



मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को शक है कि सलमान खान को जो धमकी भरा ईमेल मिला है, वो वङ में छिपे गोल्डी बरार ने ही भेजा है। साथ ही पुलिस ने इस मामले में इंटरपोल की मदद भी ली है।

**धमकी भरे ईमेल में लिखीं थी ये बातें :** बता दें कि 18 मार्च को सलमान के मैनेजर प्रशांत गुंजालकर ने बांद्रा पुलिस स्टेशन में इस धमकी भरे ईमेल की शिकायत दर्ज कराई थी। साथ ही पुलिस ने जानकारी दी थी कि प्रशांत को रोहित गर्ग से एक ईमेल मिला, जिसमें कह गया था कि- गोल्डी भाई को बात करनी है तेरे बॉस सलमान से।

इंटरव्यू (लॉरेंस बिश्नोई) देख ही लिया होगा और अगर उसे नहीं देखा हो तो बोल दियो देख लेगा। साथ ही इस ईमेल में आने लिखा गया था कि- मैटर क्लोज करना है तो बात करवा दियो, फेस टू फेस करना हो वो बता दियो, अभी टाइम रहते बता दिया है अगली बार झटका ही देखने को मिलेगा।

सलमान के मैनेजर प्रशांत गुंजालकर की शिकायत पर पुलिस ने गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ क्ढउ की धारा 120 (इ), 34 और 506 (2) के तहत मामला दर्ज किया था।

**बठिंडा जेल में बंद है लॉरेंस बिश्नोई :** बता दें कि सिद्धू मूसेवाला एक पंजाबी सिंगर था। उसकी 29 मई 2022 को पंजाब के मनसा जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह वारदात उस वक्त हुई थी, जब वह अपनी कार से कहीं जा रहा था। उसकी कार पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गई थीं। इसकी हत्या का आरोप लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर है। लॉरेंस पर 50 से अधिक मामले दर्ज हैं। इस समय वह बठिंडा जेल में बंद है।

## ब्रीफ न्यूज

### सांसद समीर उरांव ने गुमला में धुमकुडिया सांस्कृतिक भवन का किया शिलान्यास



**गुमला :** राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने घाघरा प्रखंड मुख्यालय के यज्ञ बगीचा के समीप करमडीपा में शनिवार को धुमकुड़िया सांस्कृतिक भवन का शिलान्यास किया। राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि वे अपने सांसद निधि से उक्त भवन का निर्माण कराएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्राक्कलन के बाद उनके द्वारा प्राक्कलित राशि को उनके मद से निर्गत किया जाएगा। भवन बनने से सामूहिक रूप से उसका लाभ घाघरा वासियों को मिलेगा। इस मौके पर स्थानीय मुखिया योगेंद्र भगत, अनिल भगत, बाबू नाथ भगत, रवि पहन, निर्मल पहान,खुद्दी उरांव,ठाकुर उरांव, अनिकेत भगत, लालदेव भगत सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### विकास का सपना साकार होगा : अर्जुन यादव



**रांची :** जयनगर में विक्रम सिंह के घर से लेकर पिंटू के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। यह पीसीसी पथ 5 लाख 50, हजार की लागत से बनाया जाएगा। इस अवसर पर अर्जुन यादव ने कहा कि वार्ड नंबर 10 में जो मैंने लकीर खींची थी, विकास का यह सपना मेरा साकार होगा। जिस समय जनता के द्वारा अपने वार्ड पार्षद के रूप में मुझे चुना गया था मेरी याद में मैंने सब वादा पूरा किया। अपने वार्ड को विकास की ओर ले जाऊंगा। हर गली-मोहल्ले को आरसीसी नाली और पीसीसी पथ से स्मार्ट बनाऊंगा। अभी भी आने वाले दिनों में वार्ड 10 में पीसीसी पथ और आरसीसी नाली बनना है वह जल्दी धरातल पर उतरने वाली है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड नंबर 8 के पूर्व पार्षद संगीता देवी, नीरज भट्टाचार्य, विक्रम सिंह, बसंत साहू, मंटू तिवारी, हरिलाल, रिंकी देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी एवं मोहल्ले के और गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### ग्रामीण कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज

**रांची :** जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी की नवगठित जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति की विस्तारित बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह दो अप्रैल को पुरानी विधानसभा सभागार में होगी। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों के बीच कार्य दायित्व का बंटवारा किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रमों की रुपरेखा भी तय की जाएगी। इसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता, प्रदेश महासचिव, प्रदेश सचिव, प्रदेश डेलीगेट एवं प्रखंड अध्यक्ष सहित कांग्रेस कोटे के मंत्री मौजूद रहेंगे। कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय एवं प्रदेश समिति द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुसार जिला कमिटी द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की घोषणा भी की जाएगी। कार्यक्रम में रांची जिला के सभी प्रखण्डों के पदाधिकारी और प्रमुख कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### 11 अप्रैल को झामुमो में फिर शामिल होंगे हेमलाल मुर्मू

**रांची :** राजमहल सीट से भाजपा की टिकट पर दो बार लोकसभा चुनाव लड़ चुके हेमलाल मुर्मू अब (झामुमो) झारखंड मुक्ति मोर्चा में घर वापसी करेंगे। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन ने हेमलाल मुर्मू के घर वापसी को लेकर हरी झंडी दे दी है। हेमलाल मुर्मू 11 अप्रैल को झामुमो में शामिल हो रहे है। इसे लेकर बरहेट के धनजोरी गांव में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद उन्हें झामुमो में घर वापसी कराएंगे। इस दौरान कार्यक्रम में शिबू सोरेन समेत पार्टी के कई बड़े नेता उपस्थित रहेंगे। 2014 लोकसभा चुनाव से पहले तक हेमलाल मुर्मू की गिनती झामुमो के कद्दावर नेताओं में होती थी। बहरेट सीट से वे 1990, 1995, 2000 और 2009 में चार बार जेएमएम की टिकट से विधायक भी रह चुके हैं। हेमलाल मुर्मू 2004 में झामुमोकी टिकट पर कांग्रेस से दोस्ताना संघर्ष में राजमहल सीट से सांसद भी रह चुके हैं। इसके बाद उन्होंने 2014 में होने वाले लोकसभा चुनाव के ठीक पहले ही बीजेपी ज्वॉइन कर ली थी। भाजपा में शामिल होने के बाद हेमलाल मुर्मू 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव में उतरे थे। लेकिन उन्हें चुनाव में हार मिली थी। हालांकि अब वे करीब नौ साल बाद फिर से घर वापसी कर रहे है हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि उनके घर वापसी के बाद अब जेएमएम मजबूत होगा।

### जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी राज्य सरकार

**जयपुर:** राज्य सरकार 2008 के जयपुर सीरियल ब्लास्ट मामले में बरी किए गए आरोपितों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में शुक्रवार देररात मुख्यमंत्री निवास पर उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के जिला न्यायालय के फैसले को पलटते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय ने सभी आरोपितों को बरी किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, इसलिए हाई कोर्ट के फैसले के विरुद्ध राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय में शीघ्र ही विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल करेगी। साथ ही, मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण में पैरवी के लिए नियुक्त अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेन्द्र यादव की सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया।

### नवजोत सिंह सिद्धू 10 महीने बाद जेल से रिहा

**पटियाला :** कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू 10 महीने बाद शनिवार को जेल से बाहर आ गए। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 19 मई को रोड रेज के मामले में सिद्धू को एक साल की सजा सुनाई थी। नवजोत सिंह सिद्धू के उनके अच्छे व्यवहार के कारण दो महीने पहले ही रिहा कर दिया गया। सिद्धू ने पटियाला जेल से निकलते ही मीडिया से बात की। सिद्धू के रिहा होने से पहले ही पटियाला जेल के बाहर कांग्रेस के कई कार्यकर्ता पहुंचे हुए थे। पटियाला जेल के बाहर ढोल-नगाड़े बजाकर सिद्धू का स्वागत भी किया गया। सिद्धू के वकील एचपीएस वर्मा ने बताया कि पंजाब प्रिजन रूल्स के मुताबिक अगर किसी कैदी का बर्ताव अच्छा होता है तो उसे समय से पहले रिहा किया जा सकता है। सिद्धू को पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने 1988 के रोड रेज केस में एक साल की सजा सुनाई थी। 27 दिसंबर 1988 की शाम सिद्धू अपने दोस्त रूपिंदर सिंह संधू के साथ पटियाला के शेरावाले गेट की मार्केट में पहुंचे थे। इसी मार्केट में कार पार्किंग को लेकर उनकी 65 साल के बुजुर्ग गुरनाम सिंह से कहासुनी हो गई। सिद्धू ने गुरनाम सिंह को घुटना मारकर गिरा दिया। उसके बाद गुरनाम सिंह को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। रिपोर्ट में आया कि गुरनाम सिंह की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी। उसी दिन सिद्धू और उनके दोस्त रूपिंदर पर कोतवाली थाने में गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज हुआ।

# शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में एक माह के अंदर सुधार होनी चाहिए : उपायुक्त

**संवाददाता, रांची।**

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एक महीने के अंदर शॉर्ट टर्म में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने तथा इसे पूरा करने के निर्देश दिये। डीसी ने लालपुर चौक-कांटाटोली चौक-कोकर चौक पर अव्यवस्थित ट्रैफिक बूथ एवं विज्ञापन बोर्ड को अविलंब हटाने का निर्देश निगम के पदाधिकारी को दिया। इस पूरे जोन में एक महीने के भीतर अव्यवस्थित बिजली के खंभों को स्थान्तरित करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। साथ ही पथ निर्माण विभाग को रांची शहर के सभी स्थान जहां सड़क मरम्मत की आवश्यकता है, वहां तुरंत कार्य करने के निर्देश दिया गया।


अधिकारियों संग बैठक करते रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ● फोटोन न्यूज

डीसी ने लालपुर पेट्रोल पम्प के सामने ट्रैफिक बूथ को स्थान्तरित करने, प्रचार बोर्ड को हटाने एवं राजस्थान कलेवालय के पास ट्रैफिक सुगमता के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया ।उन्होंने कहा कि एक महीने के भीतर कार्य पूरा करें। लालपुर चौक स्थित उदय मिष्ठान भंडार के आसपास बिजली के खंभे, पैनल बॉक्स हटाने एवं लालपुर डाकघर के पास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश भी उपायुक्त द्वारा दिया गया।

डंगराटोली चौक से कांटा टोली चौक, कांटा टोली चौक से कोकर चौक, कोकर चौक से बुटी मोड़ और कोकर चौक से लालपुर चौक पर बिजली के खंभे एवं स्लैब हटाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को उपायुक्त द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि उक्त स्थानों पर आवागमन लेफ्ट फ्री करने के लिए अतिक्रमण हटायें।

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने इन सभी स्थानों में ट्रैफिक व्यवस्था का संचालन सही से हो, इसे लेकर सभी बिंदुओं पर कार्य करते हुए बिजली पोल शिफ्टिंग, फुटपाथ अतिक्रमण मुक्त कराने एवं बेतरतीब ऑटो स्टैंड हटाने का निर्देश दिया। सभी जोन के सड़कों पर भी उपायुक्त ने ठेला-खोमचा, फूड वैन आदि न लगे इसे सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने नो वेंडर जोन में फूड कोर्ट और ठेले इत्यादि लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा इसका उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिया। अधिकारियों को मुख्य रूप से यह निर्देश दिया गया नो वेंडर जोन का पूर्ण तरीके से पालन हो। इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसका उल्लंघन करने वालों वेंडर पर नगर निगम पेनाल्टी लगायें। दुकान वालों के सामने ठेला इत्यादि ना लगे। इसके लिए दुकानदारों को ट्रैफिक व्यवस्था के बारे बतायें।

# 71 को मिली डिस्टिलरी वेंडर मार्केट में जगह

**संवाददाता, रांची।**

लालपुर-कोकर मार्ग स्थित नवनिर्मित डिस्टिलरी वेंडर मार्केट में नॉन वेज के फुटपाथ विक्रेताओं को स्थल निर्धारित के लिए शनिवार को लॉटरी किया गया। पर्ची के माध्यम से पूरी पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण रूप से लॉटरी सम्पन्न कराया गया। इस दौरान 74 विक्रेताओं में से 71 विक्रेता लॉटरी प्रक्रिया में उपस्थित थे। सभी 74 विक्रेताओं का स्थान लॉटरी के माध्यम से निर्धारित किया गया।

मौके पर रांची नगर निगम में मेयर डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि निगम क्षेत्रांतर्गत सभी वेंडर्स को व्यवस्थित करना रांची नगर निगम की प्राथमिकता रही है। आज पहले चरण में लॉटरी के माध्यम से डिस्टिलरी वेंडर मार्केट में विक्रेताओं को जगह दी गई है। दूसरे चरण में लालपुर कोकर मार्ग के सभी सब्जी विक्रेताओं की सूची तैयार कर उन्हें व्यवस्थित किया जायेगा। मेयर ने सभी विक्रेताओं से कहा कि सड़क को स्वच्छ, सुंदर एवं ट्रैफिक मुक्त बनाने में सभी की भागीदारी जरूरी है। स्थल निर्धारित होने के बाद कोई विक्रेता सड़क पर दुकान नहीं लगाएगा। इसके बाद भी कोई दुकान लगाता है तो उनका आवंटन रद्द किया जायेगा।

डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि लगातार वर्ष 2008 से ही लालपुर-कोकर मार्ग के फल सब्जी एवं मास-मछली के विक्रेताओं को व्यवस्थित करने के लिए प्रयास किया जा रहा था। आज यह योजना धरातल पर उतरी है। आज लॉटरी के माध्यम से लालपुर-कोकर मार्ग स्थित डिस्टलरी वेंडर मार्केट में 74 मांस-मछली के फुटपाथ विक्रेताओं को व्यवस्थित किया जा रहा है। अगले 15 दिनों के अंदर सब्जी विक्रेताओं को व्यवस्थित करने के लिए सूची तैयार करते हुए लॉटरी किया जाए।

## ब्रीफ न्यूज

### 56 लाख गबन करने का आरोप प्राथमिकी दर्ज

**रांची :** सदर थाना क्षेत्र स्थित बड़गाई में रहने वाली महिला रेश्मा खातून ने 56 लाख रुपये धोखाधड़ी करने के आरोप में थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पैसा गबन करने का आरोप मधुकर सिंह पर लगाया है। महिला का कहना है कि मधुकर सिंह के अलावा इस मामले में और भी लोग आरोपी हैं। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। महिला ने पुलिस को पैसा देने का दस्तावेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विश्वविद्यालय में घंटी आधारित शिक्षकों की कार्यावधि बढ़ाने का निर्देश

**रांची :** झारखंड उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की निदेशक गरिमा सिंह ने घंटी आधारित सहायक प्राध्यापकों की कार्यावधि विस्तार का निर्देश जारी किया है। विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय और अंगीभूत कॉलेजों के स्नातकोत्तर में पढ़ा रहे घंटी आधारित सहायक प्राध्यापकों की कार्य अवधि का विस्तार किया जाए। इसके लिए झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया गया है। विश्वविद्यालयों में दो मार्च 2017 को घंटी आधारित शिक्षकों की बहाली की गई थी। इसके बाद 29 सितंबर 2022 को 31 मार्च 2023 तक के लिए कार्यावधि विस्तार किया गया था।

### पूर्व बीडीओ प्रदीप कुमार महतो की वेतन वृद्धि पर रोक

**रांची :** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी गढ़वा प्रदीप कुमार महतो की दो वेतन वृद्धि रोकने का दंड लगाया है। प्रदीप महतो वर्तमान में जामताड़ा के नारायणपुर अंचल के अंचल अधिकारी के पद पर कार्य कर रहे हैं। उनके ऊपर 2017 में ग्रामीण विकास विभाग ने प्रपत्र क गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा कार्मिक विभाग को किया था। उनके ऊपर सरकार के उच्चाधिकारियों के आदेश का उल्लंघन, विकास योजना के क्रियान्वयन में उदासीनता बरतने, मनरेगा अंतर्गत प्रखंड में न्यूनतम मजदूरी प्रतिदिन 100 मानव दिवस प्रति पंचायत सृजन के लक्ष्य के विरुद्ध शून्य मानव दिवस सृजन, शत-प्रतिशत मजदूरों को डीबीटी माध्यम से मजदूरी के लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 69 प्रतिशत मजदूरों को ही डीबीटी के माध्यम से मजदूरी देना, 1832 डोभा निर्माण के लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 555 डोभा निर्माण कराने, 34 प्रतिशत ही जॉब कार्ड का सत्यापन कराने सहित कई गंभीर आरोप लगे। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### इग्नू का 36वां दीक्षांत समारोह कल

**रांची :** नामकुम में कन्वेंशन सेंटर इंस्टीट्यूट में इग्नू का 36वां दीक्षांत समारोह तीन अप्रैल को अपराह्न 12:45 बजे आयोजित होगा। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि होंगी, जो इग्नू नई दिल्ली मुख्यालय से दीक्षांत भाषण देंगी। रांची रीजनल सेंटर में बतौर मुख्य अतिथि रांची बिरसा कृषि विवि के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह मौजूद रहेंगे। रांची रीजनल सेंटर में कुल 12314 छात्र डिग्री के लिए योग्य हैं लेकिन समारोह में कुल 405 छात्रों को डिग्री प्रदान की जायेगी।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24, Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# कोरोना से जंग के लिए रांची के सदर अस्पताल में मॉक ड्रिल

**संवाददाता, रांची।**

झारखंड में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रांची में आठ कोरोना संक्रमित हैं। इसके मद्देनजर राज्य के विभिन्न अस्पतालों में शनिवार को मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान अस्पताल में ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड, आईसीयू बेड, मैन पावर समेत जरूरी दवाओं के स्टॉक का जायजा लिया गया।

रांची के सदर अस्पताल और रिम्स में मॉक ड्रिल में एक डमी कोरोना संक्रमित मरीज की जानकारी मिलते ही उसे एंबुलेंस में अस्पताल लाकर इमरजेंसी में भर्ती कराने, जांच करने और तत्काल इलाज शुरू करने के लिए उपलब्ध संसाधनों को परखा गया। इस दौरान पीएसएम मशीन और वेंटिलेटर को भी स्टार्ट किया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपात स्थिति में कोरोना से निपटने के लिए हमारी व्यवस्था कितनी तैयार है।



झारखंड में भी छह जिलों में कोरोना के एक्टिव केस मिले हैं, जिसमें सबसे अधिक 11 कोरोना संक्रमित जमशेदपुर में, देवघर में दो, धनबाद में एक, रामगढ़ में एक, पश्चिमी सिंहभूम में एक और रांची में आठ नए कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं। सदर अस्पताल में हवा से ऑक्सीजन तैयार करने वाली दो पीएसए यूनिट (800 लीटर प्रति मिनट क्षमता) के अलावा एक पीएसए प्लांट (100 लीटर प्रति मिनट क्षमता) और 20 हजार लीटर की क्षमता वाला लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) लगाया जा चुका है। नोडल अधिकारी मॉक ड्रिल डॉ शशिभूषण खलखो ने बताया कि केरल, महाराष्ट्र और गुजरात में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ी है। एमडी एनएचएम से मिले निर्देश के आलोक में सदर अस्पताल में मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान मरीज को एम्बुलेंस से अस्पताल लाने, स्क्रीनिंग और वार्ड में भर्ती कर इलाज की व्यवस्था का मॉक ड्रिल किया गया है।

सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ खेतान ने बताया कि समय रहते व्यवस्था का आकलन कर लेने से संक्रमित मरीजों के इलाज में राहत होगी। मॉक ड्रिल के दौरान कोरोना मरीजों के इलाज को लेकर हर एक पहलू पर ध्यान दिया गया है। रांची के सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार ने बताया कि विभाग से मिले निर्देशों के अनुसार शनिवार को सदर अस्पताल रांची में कोरोना को लेकर मॉक ड्रिल की गई। इस तरह की मॉकड्रिल बेहद फायदेमंद होगी।

रांची के प्रख्यात इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ एके झा ने बताया कि कोरोना का खतरा उन लोगों में ज्यादा खतरनाक रूप ले लेता है, जो फेफड़े या किसी अन्य बीमारी से पहले से ग्रसित होते हैं। उन्होंने बताया कि वैसे लोग जिन्होंने वैक्सीन का डोज कंप्लीट नहीं किया है उनको भी फिर से संक्रमित होने का खतरा है। हालांकि, हार्ड इम्युनिटी की वजह से राज्य में बड़ी आबादी में एंटीबॉडी तैयार है लेकिन मॉक ड्रिल के साथ-साथ वैक्सीनेशन, मास्क का इस्तेमाल, दो गज की दूरी और सर्दी-खांसी के साथ बुखार होने पर कोरोना जांच कराना आज भी जरूरी है।

## मंगेतर से मिलने दिल्ली से रांची पहुंचा युवक

# होटल की छत से लगाई छलांग, भर्ती

**क्राइम रिपोर्टर, रांची।**

डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित होटल जेड स्कायर के छत से शनिवार को युवक पियूष गुप्ता ने कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक का राज अस्पताल में इलाज चल रहा है। डाक्टरों के अनुसार उसकी स्थिती गंभीर बनी हुई है। डोरंडा पुलिस का कहना है पियूष दिल्ली में रहता है। उसके पिता का नाम रामजी गुप्ता है और माता का नाम प्रतीक्षा गुप्ता है। दोनों पेशे से डाक्टर हैं। रांची में रहने वाली एक युवती से कुछ दिन पहले पियूष की सगाई हुई थी। कुछ माह के बाद दोनों की शादी होने वाली है। शादी की तिथि तय हो गई है। पियूष अपनी मंगेतर से मिलने के लिए रांची पहुंचा और मंगेतर को होटल में बुलाया। दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। इसी बीच युवती होटल से निकल कर चली गई। पियूष गुस्से में होटल के छत पर गया और छलांग लगा दिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और पियूष को अस्पताल ले गई।

**एक युवक से बातचीत करने पर बढ़ा था विवाद :** पुलिस का कहना है कि पियूष की मंगेतर किसी युवक से बातचीत करती थी। इसी बात को लेकर पियूष नाराज था। इस बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और मामाला आत्महत्या करने तक पहुंच गया। पुलिस का कहना है कि पियूष के घरवालों को घटना की जानकारी दे दी गई है। उसके घरवाले रांची पहुंच गए हैं। पुलिस इस मामले में पियूष का बयान लेगी। युवती का भी बयान लिया जाएगा इसके बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। पियूष अभी बयान देने की स्थिती में नहीं है।

**मेडिकल की तैयारी करता है पियूष :** डोरंडा थानेदार रमेश कुमार का कहना है कि पियूष दिल्ली में रहकर मेडिकल की तैयारी कर रही है। वह होटल के तीसरे तल्ले पर रुका हुआ था। युवती से विवाद होने के बाद वह छत पर गया था। छत से कूदने के बाद वह एक कार के उपर गिर गया। कार पर गिरने के बाद होटल के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

**सीसीटीवी का फुटेज खंगालेगी पुलिस :** पुलिस का कहना है कि होटल में लगे सीसीटीवी का फुटेज खंगाला जाएगा। इसके अलावा होटल के आसपास का भी सीसीटीवी खंगाला जाएगा ताकि यह स्पष्ट हो सके कि पियूष छत पर अकेले था या फिर उसके साथ कोई और मौजूद था।

### रांची में महावीर आई हॉस्पिटल का उद्घाटन आज

**रांची :** रांची में भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की ओर से महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर दो अप्रैल को बरियातू रोड स्थित महावीर भवन में भगवान महावीर आइ हॉस्पिटल खोला जा रहा है। अध्यक्ष पूरनमल जैन सेठी ने कहा कि यहां पर गरीब मरीजों के निःशुल्क इलाज, ऑपरेशन, दवाई, भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था की गयी है। संस्था 18 साल से निःशुल्क आइ कैंप लगा कर मोतियाबिंद का ऑपरेशन करा रही है। उन्होंने कहा कि मई 2014 में रांची में 240 बेड का भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल खोला गया। जैन समाज की बच्चियों के लिए एक गर्ल्स हॉस्टल शुरू किया गया है। रांची में उच्च स्तरीय आवासीय विद्यालय खोलने की योजना है।

# रांची में दोपहर बाद हुई जोरदार बारिश

**संवाददाता, रांची।**

राजधानी रांची समेत कई जिलों में बारिश हुई। रांची में शनिवार दोपहर बाद दो बजे आसमान में काले बादल छाए और जमकर बारिश हुई। इस बीच तेज हवा भी चल रही थी। लगभग आधे घंटे की तेज बारिश के बाद आसमान साफ हो गया। फिर साढ़े चार बजे के करीब तेज हवा के साथ बारिश हुई। रांची के आसमान में इंद्रधनुष का दो सर्कल दिखाई दिया। मौसम विभाग ने मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की आशंका जतायी है। मौसम विभाग ने बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, हजारीबाग, जामताड़ा, लातेहार, पलामू, रामगढ़ में तेज हवा के साथ मध्यम दर्जे की बारिश का पूवार्नुमान लगाया है। मौसम विभाग ने लोगों को बादलों के गर्जन के दौरान सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि देवघर, गिरिडीह, खूंटी और राजधानी रांची में अगले एक से तीन घंटे में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना है।

## खाद्यान्न उठाव एवं वितरण की उपायुक्त की बैठक में विस्तार से समीक्षा

# मार्च महीने में कम खाद्यान्न वितरण पर नाराजगी

**संवाददाता, रांची।**

उपायुक्त, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज दिनांक 01 अप्रैल 2023 को खाद्य आपूर्ति एवं धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री अल्बर्ट बिलुंग, जिला सहकारिता पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधक, एफसीआई, सहायक गोदाम प्रबंधक, सभी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं मिलर उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत रिक्ति स्थिति, आरसीएमएस में डीएसओ स्तर पर लंबित आवेदनों, 6 महीने से खाद्यान्न का उठाव न करने वाले राशन कार्डधारियों की स्थिति, मोबाईल सीडिंग, डूप्लीकेट यूआईडी, निलंबित डीलर, एनएफएसए के सभी लाभुकों को यूआईडी से सीडिंग, पीवीटीजी डाकिया योजनान्तर्गत खाद्यान्न का वितरण, पेट्रोल पर सब्सिडी देने हेतु सीएम सपोर्ट ऐप, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2023 हेतु


खाद्यान्न उठाव की जानकारी लेते उपायुक्त ● फोटोन न्यूज

एनएफएसए योजनान्तर्गत खाद्यान्न का डीएसडी लिफ्टिंग एवं खाद्यान्नों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

बैठक में सर्वप्रथम धान अधिप्राप्ति केन्द्रों से धान उठाव की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी मिलरों से कहा कि यथाशीघ्र लैम्प्स से धान का उठाव करें। उन्होंने कहा कि 15-20 दिनों में मिलर टैग्ड लैम्प्स से धान का उठाव शुरू करें। इसे लेकर उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक के दौरान उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2003 अंतर्गत खाद्यान्न उठाव एवं वितरण की प्रखंडवार विस्तार से समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने प्रखंडवार माह जनवरी, फरवरी और मार्च के खाद्यान्न उठाव और वितरण की जानकारी ली। जनवरी एवं फरवरी महीने में खाद्यान्न वितरण पर उपायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की, लेकिन मार्च महीने में कम खाद्यान्न वितरण पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को ससमय खाद्यान्न उठाव करते हुए शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**ई-आरसीएमएस में डीएसओ स्तर पर लंबित आवेदनों की समीक्षा :** ई-आरसीएमएस में डीएसओ स्तर पर लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि राशन कार्ड में सदस्य को जोड़ने हेतु कुल 60977 आवेदन लंबित हैं, जबकि बीएसओ स्तर पर 95971 आवेदन लंबित हैं। डीएसओ द्वारा बताया गया कि डीएसओ लॉगिन से अप्रूवल के बाद राज्य स्तर से आवेदन क्यू हो जाने के कारण निष्पादन नहीं हो पा रहा है। उपायुक्त ने इस संबंध में विभाग से पत्राचार करने का निदेश डीएसओ को दिया।

नये हरा राशन कार्ड की समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बीएसओ लॉगिन में 16760 आवेदन लंबित है, नये राशन कार्ड के लिए ग्राम सभा और निगम क्षेत्र में वार्ड सभा का अप्रूवल अनिवार्य कर दिया गया है। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को यथाशीघ्र ग्रामसभा से आवेदन अप्रूव करवा कर नया हरा राशन कार्ड बनवाने का निदेश दिया गया।

**22306 कार्ड रद्द :** प्रखंडवार खाद्यान्न का उठाव नहीं करनेवाले राशन कार्डधारियों के कार्ड डिलीशन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि प्रक्रिया अनुसार खाद्यान्न का उठाव नहीं करनेवालों का कार्ड रद्द करें। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि 6 महीने पहले जिला में खाद्यान्न उठाव न करने वाले राशन कार्डधारियों की संख्या 34972 थी, जो अब 12666 है।

मोबाईल सीडिंग, डूप्लीकेट यूआईडी, निलंबित डीलर, एनएफएसए के सभी लाभुकों को यूआईडी से सीडिंग, पीवीटीजी डाकिया योजनान्तर्गत खाद्यान्न का वितरण, पेट्रोल पर सब्सिडी देने हेतु सीएम सपोर्ट ऐप, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च 2023 हेतु एनएफएसए योजनान्तर्गत खाद्यान्न का डीएसडी लिफ्टिंग एवं खाद्यान्नों की स्थिति की समीक्षा करते हुए भी उपायुक्त द्वारा उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## शहर

### कोकर महावीर मंडल रामनवमी पूजा की बैठक संपन्न



**रांची :** कोकर बाजार में कोकर महावीर मंडल रामनवमी पूजा समिति की बैठक में अध्यक्षता कोकर महावीर मंडल रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष राजू राम ने किया। इस बैठक में सभी ने निर्णय लिया कि दशमी का जूलूस शांतिपूर्वक निकाला जाये और सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से जुलूस शांतिपूर्वक रहा। इस बैठक में मुख्य रूप से संतोष महतो, सूरज कुमार पासवान, विकास दास, पप्पू पासवान, प्रकाश राम, बाबला राम, विशाल कुमार राम, मुकेश राम, सौरभ कुमार, नेहाल कुमार, छोटू राम, बिट्टू कुमार, दीपू सिंह, शुभम कुमार, रोहित सिंह (छोटू) इस बार दशमी की जुलूस में सदर थाना के श्याम किशोर महतो अहम भूमिका रही। साथ ही थाना के अन्य पदाधिकारियों का भी सहयोग मिला।

### श्री महावीर मंडल कांके की झांकी हुई पुरस्कृत



**कांके :** श्री महावीर मंडल कांके की झांकी को रांची जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया है। श्री महाअष्टमी के दिन रांची महानगर की ओर से आयोजित झांकी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान मिला है। श्री महावीर मंडल रांची महानगर के संयोजक डॉ दिलीप सोनी ने शनिवार को श्री महावीर मंडल कांके के अध्यक्ष अनिल टाइगर को शिल्ड एवं 21 हजार का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। अनिल टाइगर ने श्री महावीर मंडल के संयोजक गिरिजा शंकर पाण्डेय, मुख्य संरक्षक अतीश सिंह, शिव महतो, इंद्रासन सिंह, हरे कृष्ण महतो, मुकेश यादव, आशीष सिंह, विवेक सिंह सहित समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों को इसके लिए बधाई दी तथा सहयोग के लिए आभार जताया।

### मध्यस्थता से सुलझा आठ महीने पुराना मामला

**रांची :** मध्यस्थता के आधार पर न्यायिक दंडाधिकारी अशोक कुमार की अदालत ने शनिवार को दहेज प्रताड़ना एवं मारपीट से जुड़े आठ महीने पुराने मामले को सुलझा दिया। इससे शिकायतकर्ता के पति, ससुर, सास एवं ननद को राहत मिली है। मुकदमे का सामना कर रहे बिहार के सीतामढ़ी निवासी सूचक का ससुर बीरेंद्र सिंह, सास प्रमिला देवी, पति अनिल कुमार सिंह एवं ननद रीना कुमारी को बरी किया है। मोरहाबादी के हरिहर सिंह रोड निवासी विवाहिता ने एक जुलाई, 2022 को बरियातू थाने में उक्त आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शादी के छह साल बाद दहेज लिए प्रताड़ित किया जा रहा है। ससुराल वाले दहेज के रूप में 25 लाख की मांग कर रहे हैं।

उपायुक्त की अध्यक्षता में पीएम आवास योजना ग्रामीण की हुई समीक्षा बैठक

# लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने का दिया निर्देश

**संवाददाता, मेदिनीनगर।**

उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त ने लक्ष्य के विरुद्ध लंबित आवासों की जानकारी ली और उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया।

बैठक में बताया गया कि कहीं बालू की आपूर्ति ना होना तो कहीं तय मानक से बड़े आकार का घर निर्माण करना और लाभुकों का पलायन कर जाना आवासों के लंबित होने की मुख्य वजह है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को पीएम आवास के



अधिकारियों संग बैठक करते उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे। ● द फोटोन न्यूज

लिए बालू की आपूर्ति कराने और अन्य समस्याओं से निजात दिलाने के लिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण करने और विंडो लेवल तक आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने वाले लाभुकों के बीच दूसरी किस्त का भुगतान करने का निर्देश दिया।

इस मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, अपर समाहर्ता सह सहायक दंडाधिकारी पलामू, निदेशक डीआरडीए पलामू, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर, अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद सहित जिले के सभी बीडीओ व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## ओपी जिंदल स्कूल के शिक्षक को दी गयी विदाई

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** जेएसपी केंपस स्थित ओपी जिंदल स्कूल, पतरातू में शिक्षक नागेश्वर महतो के सेवानिवृति पर शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा पुष्प-गुच्छ, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं शॉल प्रदान कर उनका स्वागत करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। इसके पश्चात उप प्राचार्य पीके डे, शुभ्रा सिन्हा, विकास चंद्र एवं आरके झा ने उनके साथ बिताए गए अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि एक शिक्षक के रूप में नागेश्वर महतो का जीवन पूरी तरह विद्यालय के लिए समर्पित था। उन्होंने पूरी ईमानदारी से बच्चों व विद्यालय के विकास में अपना योगदान दिया है। उनका व्यक्तित्व सहज, सरल एवं सर्वप्रिय था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पाण्डेय ने कहा कि आज आपके विद्यालयी जीवन का अंतिम दिन है, इसके बाद आप अपने जीवन का प्रारंभ एक नए आयाम में करेंगे। हमसभी आपके अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। मौके पर पर विद्यालय की संगीत शिक्षिका सुचित्रा पाणिग्रही ने अपनी गीतमय प्रस्तुति से सबको भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश प्रसाद सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन एके झा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# लक्ष्य प्राप्त करने पर भुरकुंडा परियोजना के अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष

3 लाख एमटी उत्पादन का था लक्ष्य, प्राप्त किया 4.10 लाख एमटी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

बरका-सयल प्रक्षेत्र के भुरकुंडा परियोजना ने अपने निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा उत्पादन कर कीर्तिमान स्थापित किया है। 2022-23 के निर्धारित उत्पादन लक्ष्य 3 लाख एमटी कोयला उत्पादन को हासिल करते हुए 4.10 लाख एमटी कोयला का उत्पादन किया। वहीं 10 हजार क्यूबिक मीटर ओबी उत्पादन लक्ष्य में 80 हजार क्यूबिक मीटर का उत्पादन किया गया। कम समय में उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने से परियोजना के अधिकारियों व कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।

उत्पादन टारगेट पूरा होने पर शनिवार को बरका सयाल प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने बलकुदरा आउट सोर्सिंग खदान



जीएम व पीओ के साथ अधिकारी व कर्मचारी। ● द फोटोन न्यूज

पहुंचकर उपस्थित सभी कामगारों, अधिकारियों और यूनियन के लोगो को टारगेट पूरा होने पर खुशी व्यक्त करते हुए बधाईयां दी। साथ ही सभी कामगारों के बीच मिठाईयां बांटी गई। मौके जीएम अजय सिंह ने कहा कि बरका-सयाल क्षेत्र के कर्मठ कामगार, अधिकारी व यूनियन के सहयोग से हम सबों ने निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा उत्पादन करने में सफलता पाई है।

उन्होंने कहा कि बरका सयाल प्रक्षेत्र अपने स्थापना काल से लेकर अभी तक की सबसे ऐतिहासिक उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त किया है जो हमसबों के लिए गौरव की बात है। क्षेत्र के सभी परियोजनाओं ने अपने निर्धारित लक्ष्य को पार कर अधिक उत्पादन किया है। जो बरका सयाल क्षेत्र के लिए गौरवशाली है। जीएम अजय सिंह ने बरका सायल के सभी परियोजनाओं में जाकर उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने की बधाइयां और शुभकामनाएं कामगारों को दिया।

मौके पर सयाल डी पीओ सुबोध कुमार, उरीमारी पीओ पदाधिकारी दिलीप कुमार, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, एरिया स्टाफ ऑफिसर ए मलिक, जीएम ईएंडएम अमरेंद्र कुमार सिंह, बलकुदरा मैनेजर बबलू कुमार, शिफ्ट मैनेजर अजीत कुमार सिंह, पीएलआर के रवि रेड्डी, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य शशि भूषण सिंह, कोल फील्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य और भुरकुंडा परियोजना के सचिव पप्पू सिंह, रामानुज प्रसाद, बसंत बस्पत, रामदेव महतो, मनोज राम, ओम प्रकाश ओझा, दयानंद प्रसाद केसरी, रंजीत एक्का, गोपाल, बुधनी देवी, प्रदीप, शनीचर सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

# विनय अग्रवाल की टीम ने व्यवसायियों के साथ की बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव सत्र 2023-25 को ले विनय कुमार अग्रवाल की टीम की ओर से सशक्त दावेदारी पेश की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार की रात्रि भुरकुंडा ट्रेकर स्टैंड स्थित उत्सव मैरेज हॉल में भुरकुंडा कोयलांचल के व्यवसायियों के साथ बैठक की। इसमें मुख्य रूप से विनय कुमार अग्रवाल, अमरेश गणक, दिनेश कुमार पोद्दार, अशोक सिंह, गोपाल शर्मा, भूपेंद्र सिंह उर्फ पप्पू, इंद्रपाल सिंह विनय कुमार सिंह, जय प्रकाश सिंह, मनजीत साहनी, सरोज कुमार सिंह, मनोज चतुर्वेदी उर्फ मानू, विनय कुमार अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल, विष्णु पोद्दार, संतोष तिवारी उपस्थित थे।

बैठक को विनय अग्रवाल की टीम ने व्यवसायियों को विश्वास दिलाते हुए कहा रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से जुड़े सभी भाइयों को भयमुक्त माहौल देकर समस्याओं का समाधान ही हमारा उद्देश्य होगा।

उन्होंने कहा कि आपसबों के समस्याओं के समाधान के लिए हमारी टीम 24 घंटा और 365 दिन तत्परता से खड़ी रहेगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि हम व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली टीम हैं। अवसर दें हर समस्याओं का समाधान होगा।

मौके पर प्रवीण शर्मा, विमल राय, भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जिबु, दिनेश राजगढ़िया, अशोक सिन्हा, डॉ राजेंद्र महतो, जितेंद्र सिंह, संजय अग्रवाल, अखिलेश शर्मा, अजय शर्मा, अशोक सोनी, राजकुमार सिंह, श्याम सिंह, विजय वर्णवाल, राजकुमार अग्रवाल, दिलीप सिंह, उदय सिंह, सुरेश वर्णवाल, सुनील सिंह, मनोज सिंह, रामजी प्रसाद, जेपी बंसल, राजेश अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, अशोक सिंह चैहान, बसंत, राकेश चैधरी, जीवन गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार सिंह, विजय कुमार गुप्ता, रामकुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## ब्रीफ न्यूज

### मशरुम प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र

**रांची :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बाढ़ू, काँके, राँची में 13 दिवसीय मशरुम की खेती का प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसमे सभी प्रशिक्षणाथीयों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया कजिसकी अवधी 13 दिन की थी कइस कार्यक्रम में मशरुम के बिभिन प्रकार की खेती, मशरुम बीज की जानकारी, उसका रख रखवो, उसमे होने वाली बीमारी तथा मशरुम खाने के फायदे का प्रशिक्षण दिया गया क इसके अलावा समय प्रबन्धन , आत्मनिर्भर बनना, संचार कौशल एवं उत्तम गुणवता का चिंतन का भी गुण सिखाया गया कसमापन कार्यक्रम में निदेशक समीर कुमार सुरेन ने कहा कि घर पर मशरूम उगा कर आप कमा सकते हैं अच्छा मुनाफा कप्रशिक्षण प्राप्त कर सभी प्रशिक्षणार्थी अपने क्षेत्र में मशरुम उत्पादन कर स्वरोजगार का लाभ कमा सकते हैं। कार्यक्रम में संकाय सदस्य इन्द्रजीत कुमार एवं बीरवल कुमार, मुन्ना सिंह एव रघुनंदन जी भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सभी उतीर्ण प्रशिक्षनार्थियों को संस्थान के द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### नीरजा सहाय में पीटीएम सह मोटिवेशनल सत्र

**रांची :** कांके स्थित नीरजा डी ए वी में सत्र 2024 में बोड्र्स देने वाले दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए शिक्षकों एवं प्राचार्या श्रीमती किरण यादव द्वारा तनाव मुक्ति एवं मोटिवेशनल सत्र का आयोजन किया गाया। नवमी से दसवीं में एवं ग्यारहवीं से बारहवीं में जाने वाले विद्यार्थियों एवं उनके माता- पिता के लिए किया गया ये सत्र उनकी बेहतर तैयारी की कुंजी होगी। प्राचार्या ने विद्यालय द्वारा किए गए नूतन प्रयोगधर्मिता को साझा किया और बताया कि किस प्रकार परीक्षा के तनाव को कम कर अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं। साथ ही उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी विद्यालय द्वारा किए गए मार्ग दर्शक में किया गया। अभिभावकों द्वारा विद्यालय के इस पहल की सराहना की।

### किडजी प्री स्कूल का हुआ उद्घाटन

**रांची :** सुकुरहूट रिंग रोड आई टी बी पी के समीप किड्जी प्री स्कूल का आज उद्घाटन किया गया। उद्घाटन रांची के ग्रामीण एसपी नोशाद आलम ,अनिल टाइगर, ड्रॉक्टर शंभू प्रसाद सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रभात भूषण ने किया। निदेशक ने बताया कि 2-6 वर्ष तक के बच्चे का नामांकन होगा। विद्यालय में बच्चों को परइ स्कूलिंग के तहत आधुनिक सुविधाओं मौजूद होगा। उद्घाटन समारोह में प्रधानाध्यापक श्वेता सिन्हा , रंजीत कुमार सिंह,मुखिया,रामलखन मुंडा,पूनम देवी,फुलमनी नाग, दीपक कुमार,बालचंद मुंडा,संजीव कुमार, सहित अन्य गणमान्य लोगों शामिल हुए। समापन में देश भक्ति गानों के साथ उद्घाटन कार्यक्रम का अंत किया गया।

### श्री महावीर मंडल कांके की झांकी हुई पुरस्कृत



पुरस्कार ग्रहण करते श्री महावीर मंडल कांके के अध्यक्ष। ● द फोटोन न्यूज

**कांके :** श्री महावीर मंडल कांके की झांकी को रांची जिला स्तर पर हुई प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया है। श्री महाअष्टमी के दिन रांची महानगर की ओर से आयोजित झांकी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान मिला है। श्री महावीर मंडल रांची महानगर के संयोजक डॉ दिलीप सोनी ने शनिवार को श्री महावीर मंडल कांके के अध्यक्ष अनिल टाइगर को शिल्ड एवं 21 हजार का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। अनिल टाइगर ने श्री महावीर मंडल के संयोजक गिरिजा शंकर पाण्डेय, मुख्य संरक्षक अतीश सिंह, शिव महतो, इंद्रासन सिंह, हरे कृष्ण महतो, मुकेश यादव, आशीष सिंह, विवेक सिंह सहित समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों को इसके लिए बधाई दी तथा सहयोग के लिए आभार जताया।

### मंडा महापर्व के दूसरे दिन निकाली गई कलश यात्रा

**गुमला :** पांच दिन चलने वाले मंडा महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को हापामुनी गांव में 121 महिलाओं एवं बच्चियों ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा ऐतिहासिक महामाया मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर केराझरिया नदी पहुंची। यहां आचार्यों द्वारा पूजा-अर्चना कराने के बाद कलश में जल भराव के बाद यह यात्रा मंडा चबूतरा पहुंची। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं, भोक्ता व श्रद्धालुओं ने गगनभेदी जयकारे के साथ हापामुनी मंडा चबूतरा में स्थापित शिवलिंग का जलाभिषेक किया। इसके पूर्व कलश यात्रियों एवं भोक्ताओं ने मां महामाया की पूजा अर्चना की। कलश यात्रा का नेतृत्व मंडा मेला के संरक्षक प्रोफेसर अवध मणि पाठक, चुंदरी पंचायत के पूर्व मुखिया आदित्य भगत उरांव सहित कई लोग कर रहे थे।

### संदिग्ध हालात में मिला मजदूर का शव

**बोकारो :** नावाडीह प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित बरई गांव में शनिवार को दिहाड़ी मजदूर विजय महतो का शव संदिग्ध हालात में उसके घर में मिला। सूचना पर पहुंचे पेंक-नारायणपुर थाना प्रभारी सुमन कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट भेज दिया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया जंगली जानवर के हमले से यह हादसा लगता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच्चाई का पता चलेगा। सूचना मिलने पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भी गांव पहुंचे और थाना प्रभारी को उचित कार्रवाई करने को कहा। फिलहाल, पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

### गुमला में तिहरे हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करती पुलिस। ● द

**गुमला :** जिले के बसिया थाना क्षेत्र के लुंगटु पंडरा टोली में हुए तिहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया है। घटना बीते बुधवार रात आठ बजे की है। लुंगटु पंडरा टोली निवासी एनोस कंडुलना ने भाभी पूनम कंडुलना (37), उसके दो बेटों पवन कंडुलना (11) एवं अर्पित कंडुलना (9) की पीट-पटक कर निर्मम हत्या कर दी थी। साथ ही तीनों शव को घर से महज 100 मीटर दूर गोबर गड्ढे में छिपा दिया था। तीनों शवों को शनिवार को गड्ढे से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया गया। थाना प्रभारी छोटू उरांव ने बताया कि पूनम के पति की मृत्यु 2017 में हो चुकी है। उन्होंने एलआईसी के पैसे के बंटवारे को लेकर हत्या की संभावना जताई है।

### घरेलू विवाद में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोडरमा :** कोडरमा थाना अंतर्गत लोकाई गोसाई टोला में शनिवार शाम को घरेलू विवाद में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुनीता देवी (30) ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम घटनास्थल पहुंचे और शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त महिला का ससुराल बनासो है लेकिन लोकाई गोसाई टोला स्थित अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

# पिता ने दो अबोध बच्चों पर हथियार से किया जानलेवा हमला, एक की मौत, दूसरा भर्ती

**संवाददाता, खूंटी।**

जिले के मुरहू थाना क्षेत्र अंतर्गत रुमजुई गांव निवासी गूंगा बोदरा ने अपने दो अबोध बच्चों पर किसी हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। इसमें उसके आठ वर्षीय पुत्र अजीत बोदरा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार वर्षीय पुत्र शीतल बोदरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रिम्स रांची भेज दिया गया। शनिवार को शव का सदर अस्पताल खूंटी में पोस्टमार्टम कराकर उसके स्वजनों को सौंप दिया गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार कोर हुई घटना के दौरान घर में सिर्फ आरोपित गूंगा बोदरा और उसके दो अबोध बच्चे थे। दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे इस घटना की जानकारी गांव के कुछ लोगों को हुई, तो ग्रामीणों ने आरोपित को घेर लिए और इसकी सूचना मुरहू थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मुरहू थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपित को हिरासत में लेकर खून से लथपथ दोनों बच्चों को पुलिस वाहन से ही तुरंत अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने अजीत बोदरा को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल शीतल का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।

आरोपित की पत्नी के अनुसार आरोपित गूंगा की मानसिक स्थिति कुछ वर्षों से खराब है। उसका इलाज गांव के नीम-हकीम से कराया जा रहा था। पुलिस ने आरोपित गूंगा के विरुद्ध मुरहू थाने में हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# रामगढ़ में तूफान में गिरा 33 हजार वोल्टेज का तार, कई घरों में इलेक्ट्रॉनिक सामान जले

**संवाददाता, रामगढ़।**

मौसम में हुए बदलाव के कारण तेज हवा और बारिश ने भारी नुकसान पहुंचाया है। तूफान में रामगढ़ शहर के नईसराय इलाके में डीवीसी का 33 हजार वोल्टेज का तार भी टूट कर लोगों के घरों पर गिर गया। इस हादसे में कई लोग बाल-बाल बचे जबकि दर्जनों घरों में लगे इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गए। इससे लोगों में आक्रोश फैल गया है।

### डीवीसी के अधीक्षण अभियंता से मिला प्रतिनिधिमंडल

आजसू पार्टी के प्रवक्ता सुरेंद्र महतो के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को डीवीसी के अधीक्षण अभियंता अनुज कुमार से मिला। इस दौरान ग्रामीणों ने अधीक्षण अभियंता को बताया कि नईसराय, प्रताप नगर, सर सैयद कॉलोनी में डीवीसी से बिहार फाउंड्री, इफीको सेल जा रहे 33000 वोल्टेज लाइन सभी के घरों के पर गिर गया। इससे पहले भी इस इलाके में बिजली के तार गिरने से कई लोगों की जान जा चुकी है। पहले भी यहां के लोगों ने कई बार इस तार को हटाने के लिए और केबल के द्वारा लाइन को ले जाने को लेकर डीवीसी को आवेदन दिया है लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया।

### टूटे तार की ग्रामीणों ने नहीं होने दी मरम्मत, अधिकारी के आश्वासन के बाद जुड़ा तार

टूटे हुए तार को जोड़ने के लिए शनिवार को जब बीबीसी के कर्मचारी पहुंचे तो ग्रामीणों ने उन पर भी अपना गुस्सा निकाला। लोगों ने गिरे हुए तार को जोड़ने नहीं दिया। डीवीसी के अधीक्षण अभियंता अनुज कुमार के आग्रह पर वार्ता किया गया। अधीक्षण अभियंता ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द तार को दूसरे जगह पर शिफ्ट करने या केबल करने का उचित कार्रवाई होगी। तब लोगों ने तार को जोड़ने दिया।

वातार्कारों में आजसू पार्टी जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र महतो, कांग्रेस के नेता आशिफ इकबाल, महादेव स्वर्णकार, शम्भू मंडल, सौकत अली, कयामुल हक, नरेश महतो, साजिद अंसारी, तुफैल आदि लोग शामिल थे।

## उप विकास आयुक्त ने किया पतरातू प्रखंड का दौरा

**संवाददाता, रामगढ़।**

शनिवार को जिले के उप विकास आयुक्त श्री नागेंद्र कुमार सिन्हा ने पतरातू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पलानी झरना को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के तहत हो रहे कार्यों एवं पतरातु लेक रिसॉर्ट के समीप लगाए जा रहे स्मार्ट साइनेज बोर्ड के तहत हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

पलानी झरना में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए उप विकास आयुक्त ने पर्यटकों को स्थल पर विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं पर्यटन स्थल का संचालन सुचारू रूप से करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए वहीं उन्होंने पलानी झरना तक पहुंच पथ निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

रामगढ़ जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों की पहचान हेतु जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जा रहे स्मार्ट साईनेज बोर्ड के तहत पतरातु लेक रिसॉर्ट के समीप लगाए जा रहे स्मार्ट साइनेज बोर्ड का निरीक्षण करते हुए उप विकास आयुक्त ने बोर्ड के अधिष्ठापन के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

### ढाई लाख रुपये छात्रवृत्ति पाने वाली छात्रा सम्मानित

**मेदिनीनगर :** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर की 10वीं की छात्रा खुशी को ढाई लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त होने पर उसे सम्मानित किया गया। खुशी को यह छात्रवृत्ति यशस्वी एंट्रेंस टेस्ट 2022 -23 जो 25 सितंबर, 2022 को रांची में आयोजित थी उसमें उत्तीर्ण होने पर मिली है। खुशी को इस परीक्षा में झारखंड में सातवां स्थान और जिले में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। पीएमएसएसवाई छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए उम्मीदवारों का चयन एक लिखित परीक्षा के माध्यम से होता है, जिस का संचालन एनटीए करती है। खुशी को यह सफलता 29 प्रतिभागियों के बीच मिली। खुशी को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जीएन खान ने कहा कि खुशी की सफलता पर विद्यालय परिवार, उनके माता-पिता एवं पलामूवासियों को एक सुखद अनुभूति हो रही है।

बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत लेम गांव में चैती दुर्गा पूजा को ले मेले का आयोजन

# उमड़ा जनसैलाब, कई गांव से पहुंची अखाड़ा व झांकियां

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत लेम गांव में चैती दुर्गा पूजा भक्तिभाव व धूमधाम मनाया गया। चैती दुर्गा पूजा के महानवमी के दूसरे दिन शुक्रवार को दशमी को यहां भव्य श्री रामनवमी मेला का आयोजन हुआ। मेला में लेम, बीचा, सुथरपुर, हरिहरपुर, ओरियातू, सहित आसपास रांची जिला के गांवो से महाबीर ध्वजों के साथ अखाडा और झांकिया पहुंची। अखाडा समितियों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। मेला में बडी संख्या महिला कार्यकर्ता व्यवस्था को संभाली हुई थी। मेला में विभिन्न गांव है सैकड़ां की संख्या मे ग्रामीणो की भीड उमडी।

इस दौरान लेम जय श्रीराम जय हनुमान के भक्ति जयकारों से गूंजता रहा। इससे पूर्व



फीता काटकर मेले का उद्घाटन करते अतिथिगण। ● द फोटोन न्यूज

मेला का उद्घाटन अतिथियों ने किया। इसके पूर्व मूला का उद्घाटन मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव रौशन लाल चैधरी, प्रमुख कौशल्या देवी, मुखिया सोनमती देवी, पूर्व पार्षद सुरेश महतो, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, एएसआई नरेंद्र सिंह, मुखिया गीता देवी, विनोद राम, वारिश खान आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर रोशन लाल चैधरी ने क्षेत्रवासियों को चैती दुर्गा पूजा व रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डूबकी लगाने का अवसर मिलता है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में सुख-समृद्धि व हरियाली-खुशहाली का भी आगमन होता है। मेला में सुरक्षा की व्यवस्था पुलिस के साथ-साथ स्थानीय वोलियंटर महिलाओं के कमान में थी। लाठी-डंडे से लेश महिला वोलियंटर सुरक्षा व्यवसथा में मुसतेद से डंटी थी। मेला को सफल बनाने में अध्यक्ष रमेश बेदिया, उपाध्यक्ष महेंद्र करामली, सचिव महेश बेदिया, रंजीत उरांव, शिबु उरांव, बैजनाथ बेदिया, संरक्षक किशोर बेदिया, राजेंद्र बेदिया, चरेंद्र बेदिया, अजय उरांव, लक्ष्मी देवी, बबली देवी, गुलची देवी, सुगंधा देवी, अवंती देवी, पड़की देवी, नीता टोप्पो, केतन देवी, सुकरमनी देवी आदि का विशेष योगदान था।

## लेम में रामनवमी के अवसर पर ऑर्क्रेस्ट्रा का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** श्रीरामनवमी और चैती नवरात्रा के अवसर पर बीचा पंचायत के लेम गांव में शुक्रवार की रात्रि ऑक्रेस्ट्रा का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद और कमेटी के अध्यक्ष रमेश बेदिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर अंबा प्रसाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीणों को मनोरंजन करने का अवसर मिलता है। साथ ही लोगों कार्यक्रम देखकर तरोताजा भी होते हैं। इस अवसर पर ऑक्रेस्ट्रा के कलाकार राज, सतीश, रजनी, डॉली, पुनम ने एक से बढकर एक नागपुरी और हिन्दी गीत व नृत्य प्रस्तुत कर लोगो को रातभर झुमाएं रखा। ऑक्रेस्ट्रा को सफल बनाने वालो मे कमेटी के अध्यक्ष रमेश बेदिया, उपाध्यक्ष महेंद्र करमाली, सचिव महेश बेदिया, सहसचिव रंजीत उरांव, कोषाध्यक्ष शिबू उरांव, उप कोषाध्यक्ष बैजनाथ बेदिया, संरक्षक किशोर बेदिया, राजेन्द्र बेदिया, सगंठन मंत्री आदित्य केरकेट्टा, जेठू बेदिया आदि का विशेष योगदान रहा।

## ब्रीफ न्यूज

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोहण

**भागलपुर :** जिले के प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध गोनु बाबा धाम में अगले वर्ष फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से आरंभ होने वाले श्री श्री 108 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर शनिवार को ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण मंदिर के पुजारी पंडित सोनू झा द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ किया। इस मौके पर गोनू धाम के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर पंडित सोनू झा ने बताया कि जब भी यज्ञ होता है तो उसके 1 वर्ष पूर्व ही ध्वजारोहण कर देवताओं को आमंत्रित किया जाता है।

### सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोगों की मौत

**नवादा :** नवादा में सड़क दुर्घटना में घायल 3 लोगों की मौत शनिवार को पटना के पीएमसीएच में हो गई।. सड़क हादसा का यह मामला शुक्रवार को देर शाम मुफस्सिल थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 20 पर घटित हुई थी।गंभीर हालत में घायलों को आनन-फानन में पावापुरी मेडिकल कॉलेज के बाद पटना के पीएमसीएच में ले जाया गया था। जहां सभी को गहन चिकित्सा कक्ष में रखा गया था लेकिन दुर्भाग्य ही कहा जाए कि शनिवार को तीन घायलों की मौत हो गई। नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अकौना गांव के समीप अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से ऑटो पर सवार उक्त तीनों लोग कल अज्ञात ट्रक की चपेट में आकर घायल हुए थे। मृतकों में कालीपुर गांव निवासी सतीश कुमार, अमित कुमार, गुड्डू सिंह शामिल है। जख्मी महिला सतीश सिंह की पत्नी मनीषा देवी है। बताया जा रहा है कि गांव में छठी पूजन का कार्यक्रम था और सभी लोग ऑटो पर से कार्यक्रम में जा रहे थे। तभी अज्ञात ट्रक और ऑटो की भिड़ंत हो गई ।जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे और आज उनकी मौत हो गयी।

### जनता दरबार में दो मामले का निष्पादन

**किशनगंज :** जमीनी विवाद के निपटारे को लेकर सदर थाना में शनिवार को जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार मे फरियादी जमीन संबंधी विवादों को सुलझाने थाना पहुंच रहे थे। यहां फरियादियों की भीड़ जुटी। सदर थाने में लगाये गए जनता दरबार में पांच मामला सामने आया। जिसमें दो मामला ही निपटाया गया। तीन मामले में दूसरे पक्ष के नहीं पहुंचने के कारण मामले निष्पादित नहीं हुए। सीओ समीर कुमार, अंचल निरीक्षक गंगा राम टुड्डू, सदर थानाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह की मौजूदगी मे लगाए गए जनता दरबार में थाना क्षेत्र के कई लोग अपनी अपनी जमीन से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे। पूर्व में दोनों पक्षों को नोटिस भेजकर ससमय उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। वही जनता दरबार मे लंबित मामलों में अगली तिथि दी गई। डीएम श्रीकांत शास्त्री व एसपी डॉ इनाम उल हक मेगनु के निर्देश पर जिले के सभी थानों में जनता दरबार लगाया जाता है।

### बाल संसद का किया गया गठन

**भागलपुर :** जिले के जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय गंगटी दाऊदबाट में शनिवार को डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया के तहत बाल संसद का गठन मतदान के द्वारा किया गया। चुने हुए बाल सांसदों को प्रधानाध्यापक डॉक्टर अमित रंजन द्वारा शपथ दिलाया गया। साथ ही नवनिर्वाचित मंत्रियों को अपने अपने कर्तव्यों के बारे में समझाया गया। इस अवसर पर डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया के जिला लीड शंभू कुमार सिंह ने कहा कि रैकिट के सहयोग से हाइजीन एजुकेशन कार्यक्रम विद्यालयों में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल्यावस्था से ही बच्चों में स्वच्छता के महत्व को बताते हुए उन्हें स्वच्छ आदतों को अपनाने के लिए जानकारी प्रदान करना एवं स्वच्छ गुणों का विकास करना है। इस कार्यक्रम में बाल सांसदों का बहुत बड़ा योगदान रहता है। बाल संसद के माध्यम से विद्यालयों में छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति स्वच्छता एवं सामाजिक दायित्व निर्वहन की प्रति जागरूक करना सुनिश्चित की जा सकती है। बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास एवं कुशल नागरिक बनने में सहायता की जा सकती है।

# विक्षिप्त युवक ने बच्चे का सिर काटा भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला

## घटनास्थल पर पहुंची पुलिस पर भी उग्र लोगों ने किया पथराव, पुलिस ने की फायरिंग

**संवाददाता, पटना।**

राजधानी पटना के पुनपुन थाना क्षेत्र अंतर्गत अलाउद्दीनचक में शनिवार को एक व्यक्ति आज दोपहर अलाउद्दीनचक के रहने वाले कारू सिंह के 12 साल के बेटे बबन कुमार की गला काटकर हत्या कर दी और बिजली के हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया। वह चार घंटे तक टावर पर रहा। इस बीच वहां इकट्ठा हुई भीड़ ने उसे पत्थर मारे, जिससे वह नीचे आ गिरा। तब लोगों ने पीट-पीटकर उसको मार डाला।

घटना के दौरान पुलिस मौके पर पहुंची और उस व्यक्ति को लोगों के चंगुल से छुड़ाने की कोशिश की लेकिन भीड़ ने पुलिस को खदेड़ दिया और पुलिस पर पथराव किया। इसमें कई पुलिस वाले घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक आरोपित युवक मानसिक तौर पर विक्षिप्त था। उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

पटना एएसपी शुभम आर्या के अनुसार सूचना मिली थी कि एक बच्चे की गला काटकर हत्या की गई है। हम जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि गांव वालों ने टावर को घेर रखा था। आरोपित बच्चे का सिर लेकर टावर पर चढ़ा हुआ था। घटना से गुस्साए लोगों ने पुलिस टीम पर भी पथराव कर दिया। इसमें कई पुलिस वालों को चोट आई है। पुलिस ने बचाव में फायरिंग भी की।

पूरी घटना के बाद परिजन और ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। हालांकि, पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटा दिया। मौके पर पटना से सिटी एसपी ईस्ट, सचिवालय एएसपी सहित कई और थानों की टीम पहुंची है। फिलहाल इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

### चूड़ा व्यवसायी से अपराधियों ने मांगी एक करोड़ की रंगदारी, एक गिरफ्तार

**संवाददाता, बगहा।**

पश्चिम चम्पारण के नरकटियागंज नगर के पुरानी बाजार वार्ड 3 के चावल चुड़ा व्यवसायी विनोद जायसवाल से अपराधियों ने एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। रंगदारी उस वक्त मांगी गयी जब विनोद किसी कार्यवश रक्सौल से बीरगंज नेपाल जा रहे थे। रंगदारी मांगने वाले बदमाश ने वाटस ऐप कॉल कर रंगदारी की मांग की। रंगदारी नही देने पर व्यवसायी के पुत्र को गोली मारने की धमकी दी गयी।

रंगदारी मांगने वाले बदमाश ने धमकी देते हुए कहा कि अगर दो दिन के अंदर रंगदारी में एक करोड़ रूपया नहीं दिये, तो जीम जानेवाले उसके बेटे को गोली मार दी जायेगी। मामले में व्यवसायी ने शिकारपुर थाने में सुरक्षा की गुहार लगायी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल नंबर को ट्रैक करने के आधार पर सावन कुमार नामक युवक को गया जिला से गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष रामश्रय यादव ने बताया कि रंगदारी मांगने में प्रयुक्त मोबाइल नंबर के आधार पर सावन की गिरफ्तारी करके पुलिस पुछताछ कर रही है।

# 36 घंटे से गायब मासूम का घर के पास नाले में मिला शव

**संवाददाता, मुजफ़्फरपुर।**

जिले के सदर थाना क्षेत्र के दिघरा रामपुर शाह से गुरुवार की देर शाम घर से रहस्यमय तरीके से गायब 7 वर्षीय मासूम राहुल का शनिवार को सुबह सुबह घर के पास शव मिला। जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और आगजनी कर लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना के बाद मौके पर कई थाना की पुलिस के साथ पहुंचे नगर डीएसपी स्थानीय लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रही है।

### परिजनों ने की थी लिखित शिकायत

सदर थाना क्षेत्र के देहरा रामपुर शहर से गायब मासूम राहुल के परिजनों ने खोजबीन करने के बाद इसके लिखित शिकायत गुरुवार को स्थानीय थाना में दी थी जिसके बाद पुलिस ने शुक्रवार को एसडीआरएफ की सहयोग से घर के पास बन रहे बियाड़ा द्वारा नाला में भी खोजबीन करवाई थी लेकिन कामयाबी हाथ नहीं लगी थी परिजनों द्वारा अनहोनी की आशंका जताई गई थी। महज 36 घण्टे बाद ही शनिवार सुबह उसका शव मिला।

### रहस्यमयी कांड का उद्भेदन बनी पुलिस की चुनौती

बताते चलें कि रहस्यमय तरीके से गायब राहुल का डेड बॉडी बरामद होने के बाद कई सवाल उठने लगे हैं पुलिस के लिए अब यह चुनौती बन गई है कि इस रहस्यमई कांड से पर्दा कैसे उठेगी राहुल का अपहरण हुआ था या फिर कुछ और लेकिन अब तक के तथ्यों के अनुसार अपहरण की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है

# मजदूर दम्पति पर गिरी चिमनी की दीवार, पत्नी की हुई मौत

**संवाददारता, मुजफ़्फरपुर।**

जिले के सकरा इलाके के बरियारपुर ओपी क्षेत्र के भरथीपुर पंचायत के बांका चौर में शनिवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी का माहौल हो गया तब हो गया जब रामकिशोर सिंह के ईंट भट्ठा के चिमनी में काम कर रहे झारखंड के लोहरदगा जिले के रहने वाले मजदूर दंपत्ति पर अचानक दीवार गिर गया। घटना के बाद मजदूरों में भगदड़ मच गई।

मजदूरों के अनुसार ईट भट्टे के चिमनी में ईट को कई मजदूर लगा रहे थे। उसी दौरान यह हादसा हुआ है। इस घटना की सूचना मिलने पर चिमनी भट्ठा के मौजूद कर्मचारियों द्वारा गिरे दीवार को हटाकर दोनों दंपत्ति मजदूर को नाजुक हालत में निकाला गया और आनन-फानन में लेकर उसे अस्पताल भेज दिया गया था। घायल दम्पति पड़ोसी राज्य झारखंड के लोहरदगा जिले के है रहने वाले बैधनाथ और सीमा थे। बरियारपुर ओपी थाना अध्यक्ष चांदनी कुमारी सांवरिया ने कहा कि चिमनी का दीवार गिरने की घटना हुई है। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। जिसमें एक घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। वही एक पुरुष का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। परिजन को मामले में कार्रवाई के लिए बोला गया है। अभी किसी तरह का लिखित शिकायत नहीं मिला है । पुलिस जाँच पड़ताल कर रही है। डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### किसानों के बीच मूंग के बीज का किया गया वितरण

**संवाददाता, भागलपुर।**


सुल्तानगंज प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित किसान भवन में शनिवार को ऑनलाइन आवेदन करने वाले दर्जनों किसानों के बीच मूंग का प्रत्यक्षण बीज वितरण किया गया।

बताते चलें कि विशेष दलहन योजना के अंतर्गत किसानों को निर्धारित मूल्य 350 रुपया में 8 केजी मूंग का बीज वितरण किया जा रहा है। ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसान ई किसान भवन में पहुंचकर इसका लाभ उठा रहे हैं।

कृषि सलाहकार ने बताया कि प्रखंड के 26 सौ किसानों के बीच 210 क्विंटल बीज वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 183 क्विंटल मूंग बीज वितरण किया जा चुका है। शेष बचे किसानों के बीच वितरण किया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि 25 किसानों के बीच तिल का प्रत्यक्षण बीज भी वितरण किया गया।

# लोजपा (रामविलास) कार्यकर्ता सभी प्रखंड मुख्यालयों में निकालेंगे मशाल जुलूस, देंगे धरना

संवाददाता, **बेगूसराय।**


धरने पर बैठे लोजपा (रामविलास) कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यालय में शनिवार को जिला स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के सभी प्रखंड मुख्यालय पर नौ अप्रैल की शाम मशाल जुलूस एवं दस अप्रैल को आयोजित धरना प्रदर्शन की रणनीति तय की गई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष-सह-सांसद चिराग पासवान के आदेशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के निदेर्शानुसार बिहार के सभी जिलों में कार्यक्रम तय किया गया है। इसके तहत बेगूसराय पार्टी संगठन मजबूती से कार्यक्रम करेगी। आगामी नौ अप्रैल की शाम सभी प्रखंड मुख्यालय पर मशाल जुलूस एवं दस अप्रैल को प्रखंड मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना का निर्णय लिया गया है। यह आंदोलन की प्रथम कड़ी है, जब तक राज्य सरकार बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव वापस नहीं ले लेता है, तब तक बिहार वासियों के हित में पार्टी संघर्ष चरणबद्ध करती रहेगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक राम विनोद पासवान ने कहा कि बिहार वासियों के अंधेरे में रखने के लिए बेबस होने वाला बिल है। पूर्व से ही बिहार वासियों का स्मार्ट मीटर प्रीपेड मीटर से ठेकेदार द्वारा व्यापक पैमाने पर लूट किया जा रहा है, जिससे बिहारवासी पूर्व से ही प्रताड़ित है। प्रदेश महासचिव मनोज पोद्दार ने कहा कि बिजली बिल में ताजा 24 प्रतिशत बढ़ोतरी अंधेरे में रहने के लिए मजबूर करेगा। वरिष्ठ नेता सुदर्शन सिंह ने कहा कि बिहार सरकार कोई भी बड़ी-छोटी उद्योग नहीं लगा रहा है। उद्योग का विस्तार बिहार में बंद हो गया, इसीलिए बिहारवासियों का बिहार से पलायन पूर्व की भांति बरकरार रहेगा।

# सिकंदराबाद-अजमेर एक्सप्रेस से पांच केजी गांजा बरामद


पकड़े गये गांजे के साथ रेलवे पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

**संवाददाता, किशनगंज।**

रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली सिकंदराबाद-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी से शनिवार को रेल थाना की पुलिस ने पांच केजी गांजा बरामद किया। गांजा को ट्रेन की सामान्य बोगी से बरामद किया गया। यह कार्रवाई रेल थानाध्यक्ष नितेश कुमार के नेतृत्व में की गई। वही आरोपी मौके से फरार बताया जाता है।

रेल थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान सिकंदराबाद-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन की सामान्य बोगी में दो पैकेट लावारिस अवस्था मे पड़ा मिला। लावारिस पैकेट को रेल थाना लाया गया। पैकेट की जांच करने पर गांजा मिला। गांजा को बंगाल की ओर से लाया जा रहा था।

रेल थाना की पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। गांजे की डिलिवरी कहां दी जाने वाली थी। कहा से लाया जा रहा था। इसके गिरोह में कौन कौन से लोग शामिल हैं यह पड़ताल की जा रही है। पूरी तरह से जांच के बाद ही मामले का खुलाशा हो सकेगा। फिलहाल मामले में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

# सेवानिवृत पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने किया सम्मानित

**संवाददाता, भागलपुर।**


सेवानिवृत पुलिसकर्मी को सम्मानित करते एसएसपी। ● द फोटोन न्यूज

सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को शनिवार को भागलपुर के पुलिस लाइन में वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने अंग वस्त्र, धार्मिक पुस्तक पारितोषिक और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों में एक चालक, 2 प्रधान अवर निरीक्षक एक हवलदार और एक चालक हवलदार शामिल हैं।

इस मौके पर एसएसपी आनंद कुमार ने कहा कि उनके सफल कार्यकाल के लिए उन्हें सम्मान स्वरूप विदाई दी जाती है। यह उनसे सीखने का मौका है। इन्होंने सफलतापूर्वक अपने पुलिस की नौकरी कर जनता की सेवा में इतना समय दिया। वहीं सेवानिवृत्त सभी कर्मियों ने कहा कि हमने कई अधिकारियों के साथ अपना सेवा दिया और काफी कुशलतापूर्वक हम लोगों ने अपना सेवा अवधि समाप्त की। जिन लोगों के साथ हमलोगों ने कार्य किया। उन सबों का काफी सहयोग मिला। हमलोग इसके लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं।

भागलपुर पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के विदाई समारोह कार्यक्रम में सबों की आंखें नम हो गई। सेवानिवृत्त कर्मी में प्रधान अवर निरीक्षक जोसेफ टुडू, श्यामसुंदर पंडित, हवलदार कालू टूडू, हवलदार कृष्ण कुमार राय, चालक सिपाही विजय कुमार मिश्रा थे। यह सभी पुलिस केंद्र भागलपुर से थे। वहीं कैलाश प्रसाद भगत सहायक अवर निरीक्षक बबरगंज थाना से थे। विदाई समारोह कार्यक्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार के अलावा सार्जेंट मेजर केके शर्मा, पुलिसकर्मी एवं बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक कुमार और समस्त पद धारक मौजूद थे।

# भागलपुर में हुआ तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन

**संवाददाता, भागलपुर।**


कार्यशाला का उद्घाटन करते प्राचार्य व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर एवं पूरणमल सावित्री देवी बाजोरिया सरस्वती शिशु मंदिर भागलपुर में शनिवार को तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक विभाग सह प्रमुख विनोद कुमार, ए आर डी के प्रधानाचार्य अनंत कुमार सिन्हा, विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्र एवं शिशु मंदिर के प्रभारी राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने कहा कि कार्यशाला में क्रियात्मक कार्य पर ही बल दिया जाना चाहिए। विगत सत्र की खामियों की समीक्षा करते हुए आगामी सत्र के लक्ष्य का निर्धारण करना अत्यंत ही आवश्यक है। विगत सत्र की त्रुटियों का समाधान करते हुए नए सत्र की योजनाओं का निर्माण करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके माध्यम से परस्पर सहयोगात्मक भाव का विकास, समर्पण, सृजनात्मक भाव, समरसता, नवीनता, सद्भावना एवं शैक्षिक तकनीक का नित्य नूतन प्रयोग हमारा मुख्य लक्ष्य हो।

इस अवसर पर बने योजनाओं से ही छात्रों के माध्यम से उत्कृष्ट समाज की रचना कर सकते हैं। इस मौके पर विद्यालय के स्थाई वस्तु का भौतिक सत्यापन के साथ सभी विभागों का नूतन पूंजी निर्माण किया गया। विगत सत्र के सबल एवं निरवल पक्षों पर विचार करते हुए परीक्षा तथा प्रतियोगिता के संबंध में समीक्षात्मक चर्चा किया गया।

## पूर्णिया में फिर से मुस्लिम समुदाय की ओर से देखने को मिला नया अंदाज

# समुदाय ने शोभा यात्रा के आयोजकों को किया सम्मानित

**संवाददाता, पूर्णिया।**

पूर्णिया हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक का शहर माना जाता है। पूर्णिया में सामाजिक सौहार्द तथा आपसी ताना-बाना इतना मजबूत है की एक दूसरे के सम्मान करने में कोई कभी पीछे नहीं हटते। इसी कड़ी में पूर्णिया में फिर से नया अंदाज मुस्लिम समुदाय की ओर से देखने को मिला। ऐसे तो रामनवमी शोभा यात्रा में मुस्लिम समुदाय द्वारा शरबत, ठंढई,पुष्प वर्षा इत्यादि की व्यवस्था हर बार की जाती है। परंतु इस बार और एक नया अध्याय जुड़ा कि मुस्लिम समुदाय के कई सारे युवकों ने मिलकर जब रामनवमी शोभा यात्रा सड़क से गुजर रही थी उन्हें रोककर दर्जनों मुस्लिम युवकों ने मिलकर सम्मानित किया।


शोभायात्रा के आयोजकों को सम्मानित करते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● द फोटोन न्यूज

श्रीराम शोभायात्रा के संयोजको में बंटी यादव के अलावे ,मृगेंद्र देव,शंभू केसरी, बबलू सहाय, कुणाल, राजीव राय, प्रवीण चौरसिया इत्यादि को राम दरबार की तस्वीर भेंट की गई । बताते चलें कि राम दरबार की तस्वीर भगवान राम की सबसे सुंदर तस्वीर हुआ करती है जिसमें राम सीता के अलावे भाई भरत, लक्ष्मण ,शत्रुघ्न तथा बजरंगबली की तस्वीर होती है । यह सम्मान पूर्णिया के आर एन साव चौक स्थित रूपवाणी सिनेमा हॉल के सामने इन सभी को मुस्लिम समुदाय द्वारा प्रदान किया गया।

मुस्लिम समुदाय के तौफीक आलम ने बताया कि हमारे समाज और हमारे परिवार तथा माता पिता के आशीर्वाद से हम सब में यह प्रेरणा है कि हम एक दूसरे का सम्मान करें। इसी का नतीजा है कि हम लोग इस कार्य को संपादित कर सके । लाखों की भीड़ में जब मुस्लिम समुदाय के यह युवक इन लोगों को सम्मानित कर रहे थे तो तालियों की गड़गड़ाहट तथा जय श्री राम के नारे लग रहे थे।

# बूढ़ी गंडक में स्नान के दौरान डूबे दो भाई, खोजबीन जारी

**संवाददाता, बेगूसराय।**

बेगूसराय जिले से गुजरने वाली बूढ़ी गंडक नदी में शनिवार को दोस्तों के साथ स्नान करने गए तीन में से दो भाई नदी में डूब गए हैं। समाचार भेजे जाने तक तलाश की जा रही है। एसडीआरएफ को भी बुलाया गया है। घटना मंझौल सहायक थाना क्षेत्र स्थित बूढ़ी गंडक नदी के बौधी घाट के समीप की है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मंझौल पंचायत-एक निवासी मिथलेश शाह के तीन पुत्र अपने दोस्तों के साथ बूढ़ी गंडक नदी में स्नान करने गए थे। स्नान करने के दौरान करीब 14 वर्षीय राजीव कुमार डूबने लगा। इसे देखकर उसका बड़ा भाई 16 वर्षीय पुत्र भोला कुमार बचाने के लिए गहरे पानी में आगे बढ़ गया, जिसमें दोनों डूब गए। दोनों को डूबता देखकर मौके पर मौजूद बच्चों ने हल्ला करते हुए आस-पड़ोस के लोगों को सूचना दी।

इसके बाद मौके पर पहुंचे नाविक एवं स्थानीय लोग दोनों की तलाश कर रहे हैं। घटनास्थल पर पहुंचे स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि कन्हैया कुमार ने बताया कि घटना की सूचना चेरिया बरियारपुर के अंचलाधिकारी और पुलिस को दी गई है। फिलहाल स्थानीय नाविक और गोताखोरों के द्वारा दोनों की तलाश की जा रही है।

# उपद्रवियों पर लगाम

यह बहुत दुख और अफसोस की बात है कि रामनवमी की शोभायात्राएं देश में अनेक जगहों पर उपद्रव का कारण बनती आई हैं। इस बार भी पश्चिम बंगाल के हावड़ा में तनाव है, तो महाराष्ट्र के औरंगाबाद की एक शोभायात्रा और वडोदरा, गुजरात में दो शोभायात्राओं को निशाना बनाया गया है। उपद्रवियों की जितनी निंदा की जाए, कम है। उपद्रवी शोभायात्रा के साथ हों या इसके विरोध में, दोनों ही स्थितियों में पूरी कड़ाई का परिचय शासन-प्रशासन को देना चाहिए। हावड़ा में पश्चिम बंगाल सरकार को पहले ही हिंसा की आशंका थी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी चेताया था और इसके बाद भी अगर हिंसा हुई है, तो यह कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर एक बड़ी नाकामयाबी है। पुलिस में यदि क्षमता नहीं है, तो वह ऐसी शोभायात्राओं को मंजूरी ही क्यों देती है? अफसोस, अनेक वीडियों सामने आए हैं, जिनमें पुलिस तमाशबीन दिख रही है। कानून-व्यवस्था राज्य सरकार का मामला है और इसमें किसी तरह की चूक के लिए पार्टी विशेष को जिम्मेदार ठहरा देने भर से राज्य सरकारों की जिम्मेदारी पूरी नहीं हो जाती। हावड़ा, औरंगाबाद या वडोदरा में जब उपद्रव की आशंका थी, तब दो समूहों को कैसे भिड़ने दिया गया? क्या इन राज्यों की पुलिस अभी भी दंगे रोकने के तरीके सीख रही है? क्या उपद्रव की ऐसी साजिशें सियासी योजनाओं का हिस्सा हैं और इसीलिए साजिश रचने वालों को बहुत हद तक रियायत दी जाती है? कोई भी मुख्यमंत्री अपनी सफाई देते हुए किसी जांच से पहले ही किसी पार्टी का नाम क्यों ले? आज के समय में दंगा या उपद्रव जघन्य अपराध है और उसके पीछे जिस भी पार्टी या जिसका भी हाथ हो, उसे छोड़ा नहीं जाना चाहिए। लोगों को भड़काने या पत्थरबाजी का काम कभी स्वतःस्फूर्त नहीं होता, इसके लिए दंगाई मानसिकता के लोग बाकायदे तैयारी करते हैं। एआई और चैटजीपीटी के दौर में यह पुलिस के लिए बहुत शर्मनाक है, अगर थाना स्तर पर ही दंगाई मानसिकता वाले लोगों की पहचान और धरपकड़ नहीं हो पा रही है। दंगाइयों को पनपने ही नहीं देना चाहिए और अगर पनप भी गए, तो भीड़ बनने से पहले ही शिकंजा कस जाना चाहिए। दुर्भाग्य, पुलिस आज भी भीड़ से डरती है और उसे अक्सर पीछे हटते देखा जाता है। दरअसल, पुलिस ने स्वयं को कमजोर कर लिया है और जाहिर है, इसीलिए अक्सर लोगों को कानून हाथ में लेते देखा जाता है। ऐसा क्यों होता है, सत्तारूढ़ दलों को ज्यादा सोचना चाहिए। हावड़ा में चूंकि पहले दिन दंगाइयों के साथ रियायत बरती गई, तो उन्होंने दूसरे दिन भी ममता बनर्जी के शासन-प्रशासन को अंगूठा दिखा दिया। बेशक, उपद्रव करते जो लोग हावड़ा, औरंगाबाद या वडोदरा में पकड़े गए हैं, उनके खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए, ताकि अगली बार जब कोई शोभायात्रा निकले, तो कोई भी हिंसक मानसिकता के साथ आगे आने की हिमाकत न करे। आज के समय में ऐसे उपद्रव हमारे राजनेताओं और समाज के कर्णधारों के दामन पर दाग हैं। विकास, रोजगार और सुख-चैन मांग रहे देश में उपद्रवियों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

# क्या है दांव पर

चुनाव आयोग ने कर्नाटक विधानसभा चुनावों का ऐलान कर दिया। दक्षिण के इस अहम राज्य पर फिलहाल बीजेपी काबिज है। उसके लिए कई कारणों से यह महत्वपूर्ण है कि यहां उसका कब्जा बना रहे। कर्नाटक दक्षिण का ऐसा पहला राज्य है, जहां 2008 में सरकार बनाकर बीजेपी ने अपने ऊपर लगे ह्यनॉर्थ इंडियन पार्टीह्ल का ठप्पा हटाया था। इस बीच पार्टी पूर्वोत्तर राज्यों में भी कामयाबी के झंडे गाड़ चुकी है, लेकिन दक्षिण में आज भी कर्नाटक इकलौता राज्य है, जहां चुनाव हारते-जीतते हुए भी वह अपनी अच्छी खासी पैठ का दावा कर सकती है। इस बार वह सरकार में जरूर है, लेकिन चुनावों के लिहाज से उसके सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के रूप में उसके पास लिंगायत समुदाय का सबसे बड़ा नेता उपलब्ध है, लेकिन यह देखना बाकी है कि उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाकर इसी समुदाय के बीआर बोम्मई को सीएम बनाने के फैसले से उपजे द्वंद्व को पार्टी कैसे हल करती है। इस बीच ऐसे संकेत भी मिले हैं कि समुदाय का एक हिस्सा इन दोनों ही नेताओं से नाराज है। खासकर, कुछ दिनों पहले इन दोनों नेताओं के घरों का घेराव होना इसी नाराजगी का सबूत माना गया था। लेकिन चुनाव से पहले ऐसी नाराजगी का उभरना और फिर दूर होना कोई बड़ी बात नहीं है। सब कुछ इस पर निर्भर करता है कि पार्टी नेतृत्व इसे कितनी कुशलता से निपटाता है। कांग्रेस की जहां तक बात है तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद यह पहला ही चुनाव है, जिसमें बीजेपी के मुकाबले कांग्रेस के प्रदर्शन पर सबकी नजरें टिकी होंगी। विपक्षी खेमे में कांग्रेस की स्थिति भी कमोबेश इस प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। वैसे राज्य में मुकाबला तिकोना ही होगा क्योंकि जेडीएस भी एक प्रमुख प्लेयर के रूप में मैदान में है, फिर भी केंद्रीय प्रश्न यही रहेगा कि चुनाव बाद सरकार बीजेपी के प्रभाव वाली बनती है या कांग्रेस के प्रभाव वाली। वहीं, जेडीएस यही उम्मीद कर रही होगी कि इतनी सीटें मिल जाएं, जिससे उसके सपोर्ट के बगैर राज्य में कोई सरकार न बने। जाहिर है, अगर बीजेपी या कांग्रेस की अपने दम पर सरकार नहीं बनती है तो जेडीएस के समर्थन से किसी एक की सरकार बनेगी या फिर हो सकता है कि इनमें से किसी के समर्थन की बदौलत जेडीएस सरकार बना ले।

# क्या खत्म होना चाहिए मानहानि का कानून

**विश्लेषण**



विराग गुप्ता

सीआरपीसी की धारा 202 के तहत आपराधिक मामलों में मजिस्ट्रेट का क्षेत्राधिकार निर्धारित होता है। राहुल मामले में आपत्तिजनक भाषण कर्नाटक में दिया गया था। सवाल उठ रहे हैं कि यह मामला फिर सूरत की सीजेएम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में कहां से आ गया? सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर 2022 में मनोज तिवारी के खिलाफ आपराधिक मानहानि के मामले को खारिज करते हुए कहा था कि धारा 499 के तहत आरोप लगाने के लिए पीड़ित व्यक्ति की स्पष्ट और सीधी मानहानि होनी चाहिए। राहुल के भाषण में नीरव, ललित और नरेंद्र मोदी के नाम थे, इसलिए विधायक पूर्णेश मोदी की मानहानि होने और उनके दायर मुकदमे की वैधता पर भी सवाल हैं। तेज सुनवाई के लिए देश में 764 फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन सालों में इन अदालतों में मुकदमों की संख्या 10.7 लाख से बढ़कर 15 लाख हो गई है। सुस्त न्यायिक व्यवस्था के दौर में राहुल के मामले में नए सीजेएम ने महीने भर में सुनवाई खत्म करके फैसला और सजा सुना दी।

पिछले हफ्ते गुजरात की एक अदालत ने आईपीसी की धारा 499 के तहत दर्ज मामले में धारा 500 के तहत राहुल गांधी को अधिकतम दो साल की सजा सुनाई। इस केस में शिकायतकर्ता ने धारा 504 के तहत भी मुकदमा दर्ज कराया था। इस कानून में भी अधिकतम दो साल की सजा का प्रावधान है। इस फैसले के बाद मानहानि कानून एक बार फिर चर्चा में है और इसके कुछ पहलुओं पर सवाल उठ रहे हैं। आपत्तिजनक बात, भाषण, कार्टून या लेख आदि से मानहानि होने पर पीड़ित व्यक्ति जिला अदालत या हाईकोर्ट में मुआवजे का दावा कर सकता है। इसमें पीड़ित व्यक्ति को यह साबित करना होगा कि सामने वाले व्यक्ति की बातों की वजह से उसकी सार्वजनिक मानहानि हुई है। साबित होने पर अदालतें सजा सुनाती रही हैं, मगर राहुल गांधी के केस में कुछ वजहें हैं जो इसके फैसले की आलोचना हो रही है।

सीआरपीसी की धारा 202 के तहत आपराधिक मामलों में मजिस्ट्रेट का क्षेत्राधिकार निर्धारित होता है। राहुल मामले में आपत्तिजनक भाषण कर्नाटक में दिया गया था। सवाल उठ रहे हैं कि यह मामला फिर सूरत की सीजेएम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में कहां से आ गया? सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर 2022 में मनोज तिवारी के खिलाफ आपराधिक मानहानि के मामले को खारिज करते हुए कहा था कि धारा 499 के तहत आरोप लगाने के लिए पीड़ित व्यक्ति की स्पष्ट और सीधी मानहानि होनी चाहिए। राहुल के भाषण में नीरव, ललित और नरेंद्र मोदी के नाम थे, इसलिए विधायक पूर्णेश मोदी की मानहानि होने और उनके दायर मुकदमे की वैधता पर भी सवाल हैं।

तेज सुनवाई के लिए देश में 764 फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन सालों में इन अदालतों में मुकदमों की संख्या 10.7 लाख से बढ़कर 15 लाख हो गई है। सुस्त न्यायिक व्यवस्था के दौर में राहुल के मामले में नए सीजेएम ने महीने भर में सुनवाई खत्म करके फैसला और सजा सुना दी। सुप्रीम कोर्ट ने 1965 के कुलतार सिंह मामले में कहा था कि राजनीतिक बयानबाजी के मामलों को अपराध के दायरे में लाने से बचना चाहिए। 168 पेज के गुजराती में दिए फैसले में सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले का जिक्र तो है, लेकिन शीर्ष अदालत की कही गई बात का सम्मान नहीं।



राहुल के खिलाफ आपराधिक मानहानि के 10 और मामले चल रहे हैं, लेकिन किसी और में उन्हें अभी तक सजा नहीं हुई। इसलिए पहले अपराध में अधिकतम दो साल की सजा दिए जाने पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। कहा जा रहा है कि आर्टिकल 19 (1) (ए) के तहत अभिव्यक्ति और बोलने के जो हमारे मूलभूत अधिकार हैं, मानहानि का कानून उस पर प्रहार करता है। इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ काफी कुछ हो चुका है

सुप्रीम कोर्ट के लिली थॉमस मामले में 2013 के फैसले के मुताबिक 2 साल से ज्यादा सजा होने पर संसद सदस्यता अपने आप रद्द हो जाती है। सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर करके मांग की गई है कि आपराधिक मानहानि से जुड़ी सजा के मामलों में संसद सदस्यता रद्द करने के कानून पर पुनर्विचार हो। अभिव्यक्ति की आजादी के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में 2015 में आपराधिक मानहानि के कानून के खिलाफ 25 याचिकाएं दायर की गईं। इनमें राहुल गांधी के साथ दूसरे दलों के डॉ. सुब्रमण्यन स्वामी और अरविंद केजरीवाल जैसे नेता भी शामिल।

2016 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी पर अनुच्छेद 19 (2) के तहत अनेक युक्तिसंगत प्रतिबंध हैं। अदालत के मुताबिक अनुच्छेद 21 के तहत हर व्यक्ति को सम्मान बनाए रखने का मौलिक अधिकार है। इसलिए कोर्ट ने आईपीसी की धारा 499 और 500 को तर्कसंगत बताते हुए आपराधिक मानहानि के कानून पर मुहर लगा दी। आलोचकों का कहना है कि ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों ने इस कानून को रद्द कर दिया है। लेकिन भारत में आईपीसी की धारा 499 का एक्सप्लेनेशन-4 बहुत ही विस्तृत है, जिसके दुरुपयोग को रोकने के लिए कानूनी स्पष्टता नहीं है। ऐसे में यह बहस और तेज होती जा रही है।

**डिसक्लेमर : ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं**

# यूक्रेन युद्ध से क्या सीख सकता है भारत

यूक्रेन के शहर बखमुत में रूस और यूक्रेन के बीच चल रही लंबी खूनी लड़ाई ने एक बार फिर इस सच का अहसास कराया है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में युद्ध ही निर्णायक होता है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति युद्ध के साये में ही आकार लेती है। इसीलिए सैन्य शक्ति इसका व्यावहारिक औजार बनी हुई है। पहला, रूस-यूक्रेन युद्ध के लिहाज से देखा जाए तो बखमुत में हार-जीत किसी भी पक्ष के लिए रणनीतिक तौर पर बहुत ज्यादा मायने नहीं रखती। इसके बावजूद दोनों ही पक्ष करीब सात महीनों से वहां जीतने की कोशिश कर रहे हैं और इसके लिए पूरी ताकत झोंक रखी है। इससे यह भी पता चलता है कि युद्ध में किसी खास इलाके पर कब्जा करना या उसे बनाए रखना कितना अहम होता है। दूसरा, जमीनी लड़ाई में कौन भारी पड़ सकता है, यह बात महत्वपूर्ण है। भारत को इसे समझना चाहे क्योंकि देश की सुरक्षा के लिहाज से यह बात अहम है। इस पर चाहे जो भी खर्च आए, अपनी जमीन की रक्षा करने वाली मजबूत फौज के रूप में सैन्य शक्ति की कमी किसी भी देश के लिए हार का कारण बन सकती है। आखिर इंसान जमीन पर ही रहते हैं और युद्ध का फैसला भी जमीन पर ही होता है। इसलिए युद्ध में बख्तरबंद गाड़ियों, तोपखाना और उनके साथ तकनीक के जानकार इंजीनियरों की काफी अहमियत है। इसकी भरपाई साइबर, स्पेस और ऐसी दूसरी क्षमताओं से नहीं की जा सकती। साइबर या इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक स्पेक्ट्रम जैसी क्षमताएं युद्ध में सहायक भूमिका में होती हैं, लेकिन इन्हें आमने-सामने की लड़ाई का विकल्प नहीं माना जा सकता। तीसरा, रूस-यूक्रेन युद्ध ने दिखाया है कि समुद्री ताकत को सस्ती मिसाइलों के सहारे कितनी आसानी से बेअसर या नष्ट किया जा सकता है। इसीलिए रूसी नौसेना का ब्लैक सी बेड़ा युद्ध में बड़ी भूमिका नहीं निभा पाया है। वह यूक्रेन की मिसाइलों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने को मजबूर है। यह अकारण नहीं है कि चीन ने अमेरिकी और मित्र राष्ट्रों के नौसैनिक बेड़ों को अपनी सीमा से दूर रखने के लिए एंटीशिप बैलिस्टिक मिसाइलों और एंटीशिप क्रूज मिसाइलों की पूरी रेंज बना रखी है। यहां भी भारत यूक्रेन और चीन से सीख लेते हुए भू-आधारित बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों की रेंज तैयार कर सकता है। चौथा, रोटरी या फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट के सहारे दुश्मन के इलाकों में दूर तक घुसकर मार करने की रणनीति इस युद्ध में कारगर नहीं रही है। अगर अपाचे जैसे रोटरी विंग एयरक्राफ्ट का ही उदाहरण लें, जिनका भारत ऐसे मिशन में इस्तेमाल करता है, तो 2003 के दूसरे खाड़ी युद्ध में भी ये इराक की ग्राउंड बेस्ड एयर डिफेंस आर्टिलरी के सामने खास असरदार साबित नहीं हुए थे। ऐसे में चीन या पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय अपाचे की कोई भूमिका अगर हो सकती है तो शायद वह टोह लेने, निगरानी करने या जमीनी टुकड़ियों को मदद देने की ही होगी। रूसी फिक्स्ड विंग और रोटरी विंग एयरक्राफ्टों के खिलाफ यूक्रेनी सेना ने शॉर्ट रेंज एंटी एयरक्राफ्ट वेपंस या तुलनात्मक रूप से छोटे हथियारों से गोलाबारी का प्रभावी इस्तेमाल किया है। दूसरी तरफ यूक्रेनी सेना भी दुश्मन के इलाके में दूर तक मार करने के मामले में खास सफल नहीं रही। उसे हवाई क्षमता का इस्तेमाल जमीन पर लड़ रहीं टुकड़ियों की मदद के लिए करना था। नतीजा यह कि कोई भी पक्ष हवाई लड़ाई में किसी पर भारी नहीं पड़ा। ऐसे में, भारत के लिए भी दूर तक मार करने की क्षमता विकसित करने में ऊर्जा लगाने के बजाय काउंटर अनमैंड एरियल सिस्टम विकसित करना ज्यादा फायदेमंद हो सकता है।

# पश्चिम पहले संघ को समझे, फिर करे आलोचना

अमेरिका के जाने-माने शिक्षाविद और वॉल स्ट्रीट जर्नल के स्तंभकार वॉल्टर रसेल मीड ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बीजेपी के बारे में जो लिखा है, उस पर पूरी दुनिया में बहस चल रही है। मीड ने लिखा है कि वर्ष 2014 और 2019 के आम चुनावों में लगातार भारी जीत के बाद अब बीजेपी 2024 में भी सफलता की ओर बढ़ रही है। इसे सुर्खियां बनना ही था। किंतु उनके लेख का मुख्य बिंदु 2024 का चुनावी आकलन नहीं है। संघ और बीजेपी की पृष्ठभूमि, विचारधारा और उसके चरित्र के बारे में जो कुछ उन्होंने लिखा, वह सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उनकी तीन बातें विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं।

पहली, बीजेपी ऐसे अनोखे राजनीतिक और सांस्कृतिक इतिहास की बुनियाद पर खड़ी है, जिसे भारतीय मूल्य और संस्कृति से परिचित लोग ही समझ सकते हैं।

दूसरी, बीजेपी विश्व की सबसे महत्वपूर्ण विदेशी राजनीतिक पार्टी है, लेकिन इसे संभवतः सबसे कम समझा गया है।

तीसरी, बीजेपी की बुनियाद क्या है? उनके लेख का मूल स्वर यह है कि बीजेपी को समझने के लिए संघ को भी समझना होगा। संघ के बारे में उनका कहना है कि एक समय में हाशिए पर पड़ी विचारधारा के आधार पर सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आंदोलन चलाने वाला यह दुनिया का सबसे मजबूत नागरिक संगठन है।

ध्यान रहे, दुनिया भर में चर्चा का विषय बना मीड का यह आलेख राहुल गांधी द्वारा लंदन में संघ को मुस्लिम ब्रदरहुड के समतुल्य बताने के बयान के तुरंत बाद आया है। हालांकि विरोधी इससे खुश हो सकते हैं कि बीजेपी की व्याख्या करते हुए मीड ने भी मुस्लिम ब्रदरहुड का नाम लिया है। लेकिन उनका संदर्भ अलग है।

मीड कहते हैं कि बीजेपी दुनिया की जिन तीन महत्वपूर्ण राजनीतिक पार्टियों के सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों को साथ लाती है, वे हैं- इस्राइल की लिकुड पार्टी, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी और इजिप्ट की मुस्लिम ब्रदरहुड।

मुस्लिम ब्रदरहुड की तरह बीजेपी पश्चिमी उदारवाद के कई विचारों को खारिज करती है, लेकिन आधुनिकता की प्रमुख विशेषताओं को अपनाती है।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की तरह बीजेपी एक अरब से अधिक लोगों वाले राष्ट्र की अगुआई करती है ताकि वह वैश्विक महाशक्ति बन सके।

इस्राइल की लिकुड पार्टी की तरह बीजेपी परंपरागत मूल्यों के साथ बाजारोन्मुख अर्थव्यवस्था को अपनाती है।

जाहिर है, इसे केवल अमेरिका और वॉल स्ट्रीट के प्रसार क्षेत्रों के पाठकों को समझाने की दृष्टि से दिया गया उदाहरण मानना चाहिए। दुनिया में संघ और बीजेपी की तरह दूसरा कोई संगठन नहीं है, जिससे उनकी तुलना की जाए। जो उदाहरण उनके समक्ष है, उसे उन्होंने प्रस्तुत कर दिया। इसमें भी वह बीजेपी को इन सबसे अलग बताते हैं। इस तरह वह संघ को विश्व का अनोखा संगठन और उससे निकली बीजेपी को सभी उपलब्ध पार्टियों से अलग साबित कर देते हैं:

मीड लिखते हैं कि अमेरिकी विश्लेषक, खासकर वामपंथी उदारवादी अक्सर नरेंद्र मोदी के भारत को देखकर पूछते हैं कि यह डेनमार्क जैसा क्यों नहीं है? वे यह नहीं समझते कि भारत एक जटिल जगह है। पूर्वोत्तर के ईसाई बहुल राज्यों में भी बीजेपी ने उल्लेखनीय राजनीतिक सफलता प्राप्त की है।

दिलचस्प है कि एक अमेरिकी होते हुए भी उन्होंने इस सचाई को रेखांकित किया है कि फरर के यहां तक पहुंचने के पीछे हजारों स्वयंसेवकों की कई पीढ़ियां खपी हैं। जब हमारे ही देश के लोग हिंदू धर्म, हिंदुत्व और राष्ट्र आदि की सही समझ नहीं रखते तो इसे आश्चर्य ही कहा जाएगा कि पश्चिम का एक व्यक्ति हिंदुत्व, हिंदू धर्म आदि को बिल्कुल सही संदर्भों में समझ ले। जहां तक पीढ़ियों के खपने की बात है तो 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापना के बाद गिनती करना मुश्किल है कि कितनी संख्या में प्रचारकों ने पूरा जीवन संघ और उससे निकले संगठनों के विस्तार की कोशिशों में लगा दिया। इस तरह का चरित्र विश्व के किसी संगठन में नहीं है। विद्वेष, घृणा, उग्रता जैसी विचारधारा वाले संगठन को इस तरह जीवन देने वाले कार्यकताओं की फौज नहीं मिल सकती। आलोचक कह सकते हैं कि मीड ने अमेरिका के रणनीतिक भविष्य की दृष्टि से बीजेपी और संघ का विश्लेषण किया है। उन्होंने कहा है कि अमेरिकी लोग बीजेपी और संघ के साथ जुड़ने के निमंत्रण को खारिज करने की स्थिति में नहीं हैं क्योंकि चीन के साथ तनाव बढ़ रहा है और अमेरिका को आर्थिक राजनीतिक साझेदार के रूप में भारत की जरूरत है। उनके विश्लेषण को यहीं तक सीमित रखकर देखने का मतलब होगा सच को पूरी तरह नकारना। अमेरिका, यूरोप और अन्य देशों के पत्रकार-लेखक संघ और बीजेपी के बारे में अक्सर अपने दृष्टिकोण से ही समझते और लिखते-बोलते रहे हैं। नेशन स्टेट, नेशनलिज्म, रिलीजन, रिलीजियस या थियोक्रेटिक स्टेट, कल्चर, स्वदेशी आदि का उनका ज्ञान हमेशा उन पर हावी रहता है। इसलिए राष्ट्र राज्य, हिंदू राष्ट्र, राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, हिंदुत्व आदि को हमेशा उग्र सांप्रदायिक, मजहबी और संकीर्ण राष्ट्रीयता के रूप में व्याख्यायित किया गया है। हकीकत यह है कि भारतीय संदर्भ में इन शब्दों के मायने बिल्कुल अलग हैं। यह समझने की कोशिश जिन कुछ पश्चिमी विद्वानों ने की, उन्हें अपनी ही दुनिया में मान्यता नहीं मिली।

प्बहरहाल, तात्पर्य यह नहीं कि वॉल्टर रसेल मीड ने संपूर्ण रूप से भारत तथा संघ और बीजेपी के दृष्टिकोण के अनुरूप विचार किया है। किंतु उन्होंने संघ और बीजेपी के लोगों से मिलने तथा उनके साहित्य का अध्ययन करने के बाद काफी हद तक पूर्वाग्रह से हटकर और सही संदर्भों में इन संगठनों को देखने की कोशिश की है।

## सोशल मीडिया से...
### सच के हक में...



ओडिशा दिवस पर सभी नागरिकों, विशेषकर राज्य के लोगों को मेरी शुभकामनाएं। प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक संसाधनों, कुशल और मेहनती लोगों के साथ, ओडिशा में हमारी अर्थव्यवस्था का विकास इंजन बनने की क्षमता है। ओडिशा के लोगों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



रामनवमी को लेकर झारखंड सरकार शुरू से ही हिंदू समाज के साथ पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाती रही। राज्य भर में धारा 107 के तहत 5000 से अधिक लोगों पर निषेधात्मक कार्रवाई की गई। जमशेदपुर के हल्दीपोखर और जुगसलाई क्षेत्र में रामनवमी और शुक्रवार को जिहादी तत्वों द्वारा शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों के ऊपर पथराव किया गया, उपद्रवियों की गिरफ्तारी के बजाए नवमी को जिला प्रशासन द्वारा रामधुन बजाने के लिए प्रयोग किए जाने वाले डीजे और ट्रेलर को जब्त कर लिया गया। एक वर्ग विशेष को खुश करने के लिए प्रशासन ने न ही केंद्रीय रामनवमी समिति की बात मानी और न लाखों हिंदू समाज के लोगों की भावना का ख्याल रखा। अब स्वास्थ्य मंत्री अपने राजनीतिक नफे नुकसान को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों की सीएम से शिकायत की बात कर रहे हैं। यह राजनीतिक स्टंट जमशेदपुर वासियों की रामनवमी खराब करने के बाद मंत्री जी को ख्याल आया। हिंदू समाज की भावना को आहत करना झारखंड सरकार अपनी कार्य संस्कृति समझती हैं, तुष्टीकरण की इस पराकाष्ठा का जनता जरूर जवाब देगी।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# भूटान की उलटबांसी

कभी भारत का अभिन्न मित्र माने जाने वाले भूटान को कूटनीतिक जाल में फंसाने की चीन की कुत्सित कोशिशें सिरे चढ़ती नजर आ रही हैं। चीन लगातार भारत के चारों तरफ स्थित उन देशों को अपने पाले में लाने की साजिशें करता रहा है जिनके साथ भारत के सदियों से मधुर, कारोबारी व कूटनीतिक संबंध रहे हैं। नेपाल के बाद अब भूटान भी उन देशों की सूची में शामिल होता नजर आ रहा है, जो चीनी दबाव में भारतीय हितों को ताक में रखने को तैयार हैं। हाल ही में भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने बेल्जियम के एक अखबार ला लेब्रे को दिये एक साक्षात्कार में भूटान सरकार द्वारा दिये गये पहले बयान के उलट कहा है कि भूटान के निकट चीन ने जो गांव बनाये हैं, वे भूटान की सीमा में नहीं हैं। जबकि वर्ष 2020 में कहा गया था कि चीन भूटान की सीमा के भीतर कुछ गांव बना रहा है। निस्संदेह, भूटान के प्रधानमंत्री के इस बयान से भारत के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई हैं। विडंबना ही है कि भूटानी प्रधानमंत्री ने सीधे-सपाट शब्दों में कहा कि हमें अपनी सीमाओं का भान है। यह एक अंतर्राष्ट्रीय सीमा है और हमारी सीमाओं पर किसी तरह की दखलंदाजी नहीं हुई है। दूसरी ओर, इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति की जानकारी रखने वाले विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यह बयान तार्किक नहीं है और चीन के दबाव में यह बात कही जा रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि चीन द्वारा बनाये गये गांव स्पष्ट रूप से भूटान की पश्चिमी, उत्तरी व उत्तर-पूर्वी सीमा पर स्थित हैं। अपनी इस दलील के पीछे विशेषज्ञ भूटानी, अंतर्राष्ट्रीय व चीन के नक्शे को आधार बताते हैं। दरअसल, चिंता की बात यह भी है कि लोटे शेरिंग यहां तक कहते हैं कि डोकलाम विवाद सिर्फ भूटान का ही नहीं बल्कि इस मुद्दे से चीन व भारत भी जुड़े हैं। कूटनीतिक विशेषज्ञ लोटे शेरिंग के इस बयान को जनवरी माह में चीन में भूटानी व चीनी अधिकारियों के बीच सीमा के मुद्दे पर हुई बातचीत की परिणति के रूप में देख रहे हैं। दरअसल, दोनों देशों के अधिकारी चीन स्थित कुनमिंह शहर में सीमा से जुड़े मुद्दों पर बातचीत हेतु मिले थे। बताते हैं कि इस बैठक में सीमा संबंधी विवाद को सुलझाने की रूपरेखा पर विमर्श हुआ। इसके बाद दोनों देशों द्वारा जारी साझा बयान में बैठक में हुई सहमतियों को मूर्त रूप देने के बाबत प्रतिबद्धता जतायी गई। साथ ही विशेषज्ञ ग्रुपों के जरिये मुद्दों के निस्तारण पर सहमति हुई। बहरहाल, भारत की दृष्टि से यह स्थिति चिंताजनक ही कही जायेगी कि चीनी दबाव में भूटान स्वीकार करने लगा है कि वास्तव में उसकी सीमा पर बनाये गांव चीन की सीमा में स्थित हैं। जाहिरा तौर पर यह स्थिति सामरिक दृष्टि से भारत के लिये जटिल व चुनौतीपूर्ण बन रही है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में भूटान ने डोकलाम में चीन द्वारा अवैध निर्माण का आरोप लगाया था। जिसके बाद लंबे समय तक भारत व चीनी सैनिक वहां डटे रहे थे। वैसे एक हकीकत यह भी है कि भूटान विगत में भारत के साथ हुई उस संधि की पालना के लिये बाध्य है जिसमें भारत की सुरक्षा चिंताओं के दृष्टिगत वह तीसरे देश से सीमा संबंधी समझौते नहीं कर सकता। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भूटान में चीन की दखल भारतीय हितों पर आक्रमण की परोक्ष नीति ही है। जिसके जरिये वह भारत पर सामरिक बढ़त लेने के लिये साजिश रच रहा है। लद्दाख समेत कई भारतीय सीमाओं पर स्थितियां बदलने की साजिश इसी कड़ी का हिस्सा रहा है। विगत में हुए युद्धों, टकरावों की कड़ी में 2020 में पूर्वी लद्दाख स्थित गलवान संघर्ष कोई पुरानी बात नहीं है। वहीं भूटानी प्रतिनिधिमंडल की चीन यात्रा के बाद भारतीय विदेश सचिव की थिम्पू यात्रा इस मुद्दे पर भारतीय चिंता को दशार्ती है।

## मुझे कुछ कहना है...



एचईसी के अधिकारी और कर्मचारी आशा-निराशा के बीच झूल रहे हैं। एक तो कंपनी का भविष्य तय नहीं हो पा रहा है। कंपनी धीरे-धीरे पूरी तरह बंद होने की कगार पर पहुंच रही है। वहीं दूसरी और यहां के अधिकारियों और कर्मचारी को कई महीने से वेतन नहीं मिला है। उनका परिवार घोर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। इस समय उनके लिए सबसे बड़ी समस्या रोज-रोज के खर्चे से निपटने की है। वेतन का आश्वासन तो मिलता रहा है लेकिन आश्वासन पर पूरी तरह अमल होता नहीं दिखता। एक बार फिर पांच अप्रैल तक एचईसी अधिकारियों व कर्मचारियों को दो माह का वेतन दिए जाने की चर्चा चल पड़ी है। वेतन भुगतान की मांग को लेकर पिछले 150 दिन से कर्मचारी और अधिकारी कंपनी मुख्यालय के गेट पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस 150 दिनों के आंदोलन के बीच में कई बाद विवाद भी हुए। दिल्ली तक दौड़ भी लगाई गई। आंदोलनरत अधिकारी एवं कर्मचारियों की निदेशक (विपणन) के साथ शनिवार को बैठक हुई। रांची के सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेताओं की मौजूदगी में हुई इस बैठक में कंपनी को चलाने, वेतन का भुगतान सहित कई मुद्दों पर बातचीत हुई। विचार-विमर्श के बाद प्रबंधन ने दो माह का वेतन देने पर सहमति प्रदान की है। इसके बाद अधिकारियों व कर्मचारियों ने आंदोलन को समाप्त करने का निर्णय लिया। अब दो माह का वेतन आगामी पांच अप्रैल तक दिए जाने की बात फाइनल हुई है। अब देखनेवाली बात यह होगी कि निर्धारित तिथि तक वेतन का भुगतान हो पाता है या नहीं। ऐसा नहीं होने पर कर्मचारी और अधिकारी एक बार फिर खुद को ठगा महसूस करेंगे।

**समीर, पत्रकार रांची।**

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना – रातू, जिला – रांची, झारखंड, पिन – 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक – फहीम अख्तर* (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईपीएल : सनराइजर्स के खिलाफ जीत से आगाज करके पिछला प्रदर्शन दोहराने उतरेंगे रॉयल्स

**हैदराबाद (एजेंसी)।** पिछले सत्र की उपविजेता राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के इस सत्र में रविवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहला मैच खेलने उतरेगी तो उसका इरादा पिछले प्रदर्शन को दोहराने का होगा। संजू सैमसन की अगुवाई में रॉयल्स ने पिछले सत्र में जबर्दस्त प्रदर्शन किया। उसके गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने सर्वाधिक विकेट लेकर परपल कैप और बल्लेबाज जोस बटलर ने सबसे ज्यादा रन बनाकर आरेंज कैप अपने नाम की थी।

बेहद संतुलित और मजबूत टीम होने के साथ रॉयल्स के पास चहल, रविचंद्रन अश्विन और ऑस्ट्रेलिया के एडम जाम्पा के रूप में सबसे अच्छी स्पिन तिकड़ी भी है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों को लेग स्पिनर चहल से खास तौर पर बचना होगा जिसने 2022 सत्र में 27 विकेट लिए थे। दूसरी ओर अश्विन ने हाल ही में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके चार टेस्ट में 25 विकेट चटकाए हालांकि यह प्रारूप दीगर है।

बटलर की अगुवाई में रॉयल्स की बल्लेबाजी भी काफी मजबूत है। बटलर ने पिछले सत्र में धमाकेदार बल्लेबाजी करके



863 रन बनाए थे। इंग्लैंड के ही जो रूट भी टीम का हिस्सा हैं। उनके अलावा सैमसन, शिमरोन हेटमायेर और जैसन होल्डर भी तेजी से रन बनाने में माहिर हैं। दूसरी ओर पिछले दो सत्र में खराब प्रदर्शन से सनराइजर्स अभी तक उबर नहीं सके हैं। डेविड वॉर्नर की कप्तानी में वे 2021 में आठवें और आखिरी स्थान पर थे जबकि 2022 में केन विलियमसन की कप्तानी में खेलते हुए वे दस टीमों में आठवें स्थान पर रहे। इस बार दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम को कप्तानी सौंपी गई है हालांकि पहले मैच में कमान भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे। मार्कराम नीदरलैंड के खिलाफ दो मैचों की वनडे श्रृंखला के बाद तीन अप्रैल को यहां पहुंचेंगे। पिछले महीने मध्यप्रदेश के खिलाफ शेष भारत एकादश की कप्तानी करते हुए मयंक अग्रवाल बल्ले से नाकाम रहे थे। सनराइजर्स के मध्यक्रम के बल्लेबाजों में न्यूजीलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स ही फॉर्म में लग रहे हैं। सनराइजर्स की ताकत उनकी तेज गेंदबाजी है जिसमें भुवनेश्वर के साथ उमरान मलिक और दक्षिण अफ्रीका के मार्को जेनसन हैं। पहले मैच के लिए हालांकि जेनसन उपलब्ध नहीं हैं। भुवनेश्वर 2013 से सनराइजर्स के साथ हैं और घरेलू मैदान का फायदा उठाना उन्हें बखूबी आता होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**सनराइजर्स हैदराबाद :** भुवनेश्वर कुमार, अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, मयंक अग्रवाल, अनमोलप्रीत सिंह, हैरी ब्रूक, मयंक डागर, फजलहक फारूकी, अकील हुसैन, कार्तिक त्यागी, हेनरिच क्लासेन, मयंक मार्कण्डेय, टी नटराजन, नीतिश कुमार रेड्डी, ग्लेन फिलिप्स, आदिल रशीद, सनवीर सिंह, राहुल त्रिपाठी, उमरान मलिक, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव।

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), अब्दुल बासित, मुरूगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, के एम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डी फरेरा, शिमरोन हेटमायेर, जैसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेद मैकॉय, देवदत्त पड्डिकल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौड़, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम जाम्पा।

# आईपीएल 2023 : बारिश ने दिलाई पंजाब को पहली जीत, केकेआर की किस्मत निकली खराब



**मुम्बई (अल्बानिया) (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क ़ पंजाब किंग्स ने मोहाली में डकवर्थ लुईस नियम के तहत आईपीएल के दूसरे मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को हरा दिया है। पंजाब ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 5 विकेट गंवाते हुए 192 रन का लक्ष्य दिया था। कोलकाता ने 7 विकेट गंवाकर 146 रन बना लिए थे कि तभी तेज बारिश आ गई। इसके बाद दोबारा मैच शुरू नहीं हो सका। कोलकाता डकवर्थ लुईस नियम के तहस 7 रन पीछे रह गई।

पंजाब ने शुरू से ही आक्रामक शुरूआत की और 2 ओवर में पहले विकेट के लिए 23 रन बनाए। इसके बाद भानुका राजपक्षे ने कप्तान शिखर धवन के साथ 86 रन की साझेदारी की और अर्धशतक लगाकर वापस लौटे। इसके बाद जितेश शर्मा ने छोटी लेकिन अच्छी पारी खेलते हुए 11 गेंदों में 21 रन बनाए। चौथा विकेट धवन का गिरा जो संभल कर खेल रहे थे और 40 रन नितिश राणा के हाथों कैच आउट हुए। सिकंदर रजा ने 13 गेंदों में 16 रन की धीमी पारी खेली। शाहरुख खान (11) और सैम करन (26) नाबाद वापस लौटे। केकेआर की तरफ से टिम साउथी ने 2 विकेट झटके जिसके लिए उन्होंने 54 रन दिए।

नितीश राणा ने टॉस के बाद कहा, 'हम पहले गेंदबाजी करेंगे, पिछले दो दिनों में बारिश हुई है इसलिए कुछ नमी होगी। मैं उत्साहित हूं क्योंकि बहुत कम लोगों को यह मौका मिलता है। यह क्रिकेट का खेल है इसलिए ज्यादा दबाव नहीं है। इंपैक्ट प्लेयर्स रूल अपने शुरुआती चरण में है। हमें यह देखना होगा कि हम जो निर्णय लेते हैं वह सही साबित हो।'

शिखर धवन ने कहा, 'हम भी पहले फील्डिंग करते। हमारे पास संतुलित पक्ष है इसलिए उम्मीद है कि हम अच्छा करेंगे। टीम की तैयारी अच्छी रही है और हम आगे शानदार सीजन की उम्मीद में खेल पर हावी होते दिखेंगे। हम ट्रॉफी जीतने के लिए बेताब हैं और मैं आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाह रहा हूं। मेरे विदेशी खिलाड़ी हैं भानुका, नाथन एलिस और सैम क्यूरन, चौथा नाम याद नहीं है।'

# गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका, केन विलियमसन पूरे सीजन के लिए बाहर

### –सीएसके के खिलाफ फील्डिंग करते हुए चोट आई

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल 2023 के शुरू होने से पहले तमाम खिलाड़ी चोटिल होकर पूरे सीजन के लिए बाहर हो चुके हैं। आईपीएल का पहला मैंच होने के बाद शनिवार को गुजरात टाइटंस से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन चोटिल होने की वजह से पूरे सीजन के लिए बाहर हो गए हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, गुजरात टाइटंस और न्यूजीलैंड के अनुभवी और स्टार बल्लेबाज विलियमसन चोटिल होने से आईपीएल 2023 से बाहर हो गए हैं। बता दें कि शुक्रवार को विलियमसन को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ फील्डिंग करते हुए घुटने में तेज चोट आई थी। इसकारण वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने भी नहीं उतरे और उनकी जगह अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में साई सुदर्शन को टीम में लाना पड़ा। विलियमसन का टूर्नामेंट से बाहर होना गुजरात के लिए बहुत बड़ा झटका होगा। क्योंकि विलियमसन एक मैच विनर खिलाड़ी हैं। वह तेज गति से रन बनाने के साथ-साथ स्ट्राइक रोटेट करना भी बखूबी जानते हैं। विलियमसन को पिछले सीजन के बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने रिलीज कर दिया था इसके बाद आईपीएल 2023 के लिए केन ने अपना नाम मिनी ऑक्शन के लिए दिया।

# मुंबई इंडियंस पर दबदबा कायम रखने उतरेगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का इरादा रविवार को घरेलू मैदान पर इंडियन प्रीमियर लीग के अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस पर दबदबा बरकरार रखने का होगा। आईपीएल 2020 के बाद से आरसीबी ने मुंबई के खिलाफ पांच में से तीन मैच जीते हैं। अब तक आईपीएल नहीं जीत सकी आरसीबी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जीत के साथ आगाज करके घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने के मौके जरूर देना चाहेगी। देखना यह है कि रजत पाटीदार और जोश हेजलवुड जैसे खिलाड़ियों के बिना आरसीबी का प्रदर्शन कैसा रहता है चूंकि दोनों चोटों के कारण पहले हाफ में नहीं खेल सकेंगे।



ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल भी पहले मैच में उपलब्ध नहीं हैं। इंग्लैंड के विल जैक्स पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। पाटीदार ने पिछले साल आठ मैचों में 55.50 की औसत से 333 रन बनाए थे। उन्होंने पहले क्वालीफायर में किसी भी भारतीय बल्लेबाज के बल्ले से सबसे तेज शतक जड़ा था। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के हेजलवुड ने 20 मैचों में 20 विकेट लिए थे। आरसीबी को श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा का भी इंतजार करना होगा जो राष्ट्रीय टीम के लिये खेलने न्यूजीलैंड में हैं। वह शुरूआती कुछ मैचों से बाहर रहेंगे।

न्यूजीलैंड के माइकल ब्रासवेल के रूप में हालांकि आरसीबी को निचले क्रम पर आक्रामक बल्लेबाज मिला है। दिनेश कार्तिक भी उपयोगी रन बनाने में माहिर हैं। शीर्षक्रम में रन बनाने का जिम्मा कप्तान फाफ डु प्लेसी और पूर्व कप्तान विराट कोहली पर होगा। गेंदबाजी में हर्षल पटेल और मोहम्मद सिराज जिम्मा संभालेंगे। डुप्लेसी ने पहले दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग में 369 रन बनाए थे जबकि कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हाल ही में शानदार प्रदर्शन किया है। रीस टॉपले के आने से आरसीबी की गेंदबाजी को धार मिली है।

मुंबई इंडियंस पिछले आईपीएल में 14 में से चार मैच जीतकर आखिरी स्थान पर रही थी। आईपीएल के इतिहास की सबसे कामयाब टीम और पांच बार की विजेता मुंबई का लक्ष्य उस प्रदर्शन को भुलाकर आगे बढ़ने का होगा। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और झाय रिचर्डसन चोट के कारण बाहर है। ऐसे में टीम की उम्मीदें इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर पर लगी हैं जो जैसन बेहरेनडोर्फ और आकाश मढवाल के साथ तेज गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे। कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी सूर्यकुमार यादव पर रन बनाने का जिम्मा होगा। ईशान किशन से पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने की उम्मीद रहेगी।

# पंत चोट से उबरने में अपना पूरा समय लें, कोई जल्दबाजी ना करे : वार्नर



लखनऊ । दिल्ली कैपिटल्स के मौजूदा सत्र के कप्तान डेविड वार्नर ने कहा कि टीम चाहती है कि नियमित कप्तान ऋषभ पंत 'चोट से उबरने में अपना पूरा समय लें' और किसी तरह की जल्दबाजी ना करें। वार्नर ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शनिवार को होने वाले टीम के शुरूआती मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, वह यथासंभव हमारा समर्थन करने के लिए उत्सुक है। मुझे यकीन है कि वह स्टेडियम में आकर हमारे मैचों को देखना चाहते हैं। वार्नर ने कहा, लेकिन हम चाहते है कि वह चोट से उबरे और पूरा आराम कर जल्दी से स्वस्थ होने पर ध्यान दें। वार्नर ने टीम में उप-कप्तान के रूप में अक्षर पटेल की भूमिका के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, अक्षर को टीम के सभी खिलाड़ियों के बारे में काफी जानकारी है। वह गेंदबाजों को जानकारी देने और भाषा की बाधा से निपटने में भी मेरी मदद करेगा।'' इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि 2019 के बाद पहली बार घर और बाहर के प्रारूप में टूर्नामेंट की वापसी से टीमों को घरेलू मैदान का फायदा होगा। उन्होंने कहा, ''आपको अपने घरेलू मैदान पर विकेट को समझने का मौका मिलता है। इसके साथ ही आपके प्रशंसकों का भी साथ मिलता है, जो हौसला बढ़ाते है।

# ऋतुराज की तूफानी पारी ने जीता सभी का दिल, धोनी ने भी खुलकर की तारीफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2023 के ओपनिंग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन, ऋतुराज गायकवाड़ ने अपनी तूफानी पारी से सबका दिल जीत लिया। ऋतुराज शतक से तो चूक गए. लेकिन, 50 गेंद में 92 रन की ऐसी तूफानी पारी खेली, हर कोई उनका मुरीद हो गया। खुद कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी खुलकर अपने ओपनर की तारीफ की। उनके अलावा वीरेंद्र सहवाग भी ऋतुराज गायकवाड़ के फैन हो गए। ऋतुराज गायकवाड़ ने अपनी 92 रन की पारी में कुल 9 छक्के उड़ाए। वो ब्रेंडन मैकुलम के कारनामे को दोहराने से 8 रन से चूक गए। मैकुलम किसी भी आईपीएल सीजन के पहले मैच में शतक ठोकने वाले पहले बैटर थे। वीरेंद्र सहवाग ने क्रिकबज पर ऋतुराज गायकवाड़ की पारी को लेकर कहा कि मैं इस तरह के शब्द विराट कोहली की तारीफ में इस्तेमाल




करता हूं। लेकिन, ऋतुराज ने जिस तरह गुजरात टाइटंस के खिलाफ बैटिंग की, ये आंखों को सुकून देना वाला रहा। सीएसके का कोई भी दूसरा बैटर ऋतुराज की तरह नहीं खेल पाया। एक छोर से विकेट गिर रहे थे. लेकिन, ऋतुराज ने तूफानी अंदाज में खेलना जारी रखा। उन्होंने अपनी पारी में चौकों से ज्यादा छक्के उड़ाए। जबकि उनकी गिनती ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों में नहीं होती है। सहवाग ने आगे कहा कि हां, सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के पिछले सीजन में उन्होंने (ऋतुराज) एक ओवर में सात छक्के लगाए थे और मुझे नहीं लगता कि यह रिकॉर्ड कभी टूटेगा. यह एक शानदार पारी थी. मुझे लगता है कि वह शतक नहीं बनाने से निराश होंगे।

सहवाग ने कहा कि अगर किसी युवा खिलाड़ी को चुनना हो, तो तीन-चार ऐसे हैं, जो भारत का भविष्य हो सकते हैं. इसमें शुभमन गिल, ईशान किशन, पृथ्वी शॉ हैं. इस लिस्ट में ऋतुराज भी शामिल हैं. ये भविष्य के स्टार हैं और कौन जानता है कि आगे जाकर इनमें से कोई कप्तान भी बन जाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल 2022 में 14 मैच में 368 रन ठोके थे. उन्होंने तीन अर्धशतक भी लगाए थे।

# आईपीएल 2023 के आगाज में ही धोनी ने बनाए तीन बड़े रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2023 सीजन का आगाज गुजरात टाइट्ंस (जीटी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मैच से शुरू हो चुका है। इस सीजन में फैंस को एक बार फिर सीएसके के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी की तूफानी बल्लेबाजी, विकेटकीपिंग और उनकी महान कप्तानी का लुत्फ उठाने को मिलेगा। धोनी ने पहले ही मैच में अपने बल्ले से जलवा दिखा दिया है। उन्होंने अंत में आकर 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उन्होंने 7 गेंदों में एक चौके और छक्के की मदद से 14 रन बनाए। इसी के साथ इस मैच में तीन बड़ी उपलब्धियां भी हासिल की। धोनी ने गुजरात टाइट्स के खिलाफ छक्का जड़ते ही एक खास उपलब्धि हासिल की है। धोनी मैच में छक्का जड़ते ही सीएसके की ओर से 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। किसी एक टीम की ओर से सबसे ज्यादा छक्कों के मामले में क्रिस गेल टॉप पर आते हैं, जिन्होंने आरसीबी की ओर से खेलते हुए 239 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में दूसरा नाम एबी डिविलियर्स का आता है, उन्होंने आरसीबी के लिए 238 छक्के जड़े हैं। किरोन पोलार्ड मुंबई के लिए 223 छक्के जड़ कर इस लिस्ट में तीसरे नंबर पार आते हैं। आईपीएल 2023 के पहले मैच में धोनी ने सीएसके की कप्तानी करने के साथ आईपीएल इतिहास के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। धोनी ने आईपीएल 2023 के पहले मैच में 41 साल और 267 दिन की उम्र में अपनी टीम की कप्तानी की है। धोनी ने इसी के साथ राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप?तान शेन वॉर्न का रिकॉर्ड तोड़ दिया। शेन वॉर्न ने2011 में आखिरी बार आईपीएल में कप?तान के रूप में खेले थे। उस समय वॉर्न की उम्र 41 साल और 249 दिन थी। अब धोनी ने सबसे उम्रदराज कप्तान का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। अब आईपीएल के इतिहास में दर्ज धोनी के सबसे उम्रदराज कप्तान का रिकॉर्ड टूटना लगभग नामुमकिन है। धोनी आईपीएल के 20वें में सबसे ज्याद रन जड़ने वाले बल्लेबाज भी बने हैं। उन्होंने पूरे आईपीएल में 20वें ओवर में खेलते हुए 667 रन जड़े हैं। इसके साथ धोनी 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में भी नंबर पर आते है।



# मैंच को बीच में छोड़ने पर केरल ब्लास्टर्स एफसी चार करोड़ का जुर्माना



मुंबई । अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की अनुशासनात्मक समिति ने तीन मार्च को बेंगलुरु एफसी के विरुद्ध इंडियन सुपर लीग का प्लेऑफ मुकाबला बीच में छोड़ने पर केरल ब्लास्टर्स एफसी पर चार करोड़ का जुर्माना लगाया है। एआईएफएफ ने इसकी जानकारी दी। अनुशासनात्मक समिति ने मुकाबले में शामिल सभी पक्षों को सुनने और उनके विरोध एवं प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद केरल ब्लास्टर्स को 'मैच को छोड़ने के इस अनुचित आचरण के लिए सार्वजनिक माफी जारी करने का भी निर्देश दिया है। ऐसा न करने पर ब्लास्टर्स का जुर्माना बढ़ाकर 6 करोड़ रुपए कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम पर आयोजित मुकाबले में सुनील छेत्री ने एक फ्रीकिक पर बीएफसी के लिए गोल किया था, जिसपर नाराजगी जताकर ब्लास्टर्स की टीम मैदान छोड़कर चली गई। ब्लास्टर्स का कहना था कि वे छेत्री की फ्रीकिक के लिए तैयार नहीं हो सके थे। इस संबंध में क्लब ने रेफरी क्रिस्टल जॉन्स के खिलाफ एआईएफएफ के समक्ष शिकायत भी दर्ज की थी। ब्लास्टर्स के मुख्य कोच इवान वुकोमानोविक पर एआईएफएफ की प्रतियोगिताओं में 10 मैच का प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही एआईएफएफ अनुशासनात्मक कोड के अनुच्छेद 9.1.2 के तहत उन पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। महासंघ ने ब्लास्टर्स और वुकोमानोविक को एक सप्ताह के भीतर इस आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है। दोनों पक्षों को आदेश के खिलाफ अपील दायर करने का अधिकार है। अनुशासनात्मक समिति ने कहा कि मैच छोड़ना वैश्विक खेल इतिहास में, विशेष रूप से फुटबॉल में दुर्लभ घटनाओं में से एक है। भारत में पेशेवर फुटबॉल के इतिहास में यह केवल दूसरी बार है जब किसी टीम ने कोई मैच छोड़ दिया हो। इससे पहले ऐसा सिर्फ 2012 में ईस्ट बंगाल बनाम मोहन बागान के मैच में हुआ था।

# पायल चौहान की फ्री किक गोल से मध्यप्रदेश 2-0 से जीता

### –राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ को हराया

**धार धार (एजेंसी)।** हीरो कप सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश ने मेजबान छत्तीसगढ़ टीम को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2-0 गोल से पराजित किया। सरदारपुर (डीएफए धार) की पायल चौहान ने फ्री किक से चैंपियनशिप का सबसे आकर्षक गोल दागा।

डीएफए सचिव सुभाष डेविड ने बताया कि रोमांच से भरे मैच में मध्य प्रदेश टीम ने अपने दूसरे लिग मैच में शानदार प्रदर्शन किया। मेजबान छत्तीसगढ़ के विरुद्ध खेले गए इस मैच में मध्यप्रदेश की स्ट्राइकर नेहा मुकाती ने मैच के 37 वें मिनट में मधु राघव के सटीक पास पर गेंद को लॉब करते हुए मध्य प्रदेश के लिए पहला गोल दागा और टीम को 1-0 गोल से बढ़त दिलाई। इस गोल के बाद दोनों ही टीमों ने एक दूसरे के गोलपोस्ट पर लगातार आक्रमण किए, परंतु गोल करने में सफल नहीं हुई।

मध्यांतर के पश्चात मैच में तेजी आई और छत्तीसगढ़ ने ताबड़तोड़ कई हमले मध्यप्रदेश के गोलपोस्ट पर किए, मध्य प्रदेश की गोलकीपर ने सभी हमलों को नाकाम किया। मैच के 74वें मिनट पर छत्तीसगढ़ के मिडफीडर द्वारा नेहा मुकाती को गलत तरीके से रोकने पर मध्यप्रदेश को फ्री किक प्रदान की गई। इस फ्री किक से आउट ऑफ़ डी से पायल चौहान(सरदारपुर- डीएफए धार) के द्वारा चैंपियनशिप का सबसे आकर्षक गोल दागा और मध्य प्रदेश टीम को 2-0 गोल से विजय दिलाई। मध्य प्रदेश का अगला लिग मुकाबला 2 अप्रैल को लद्दाख से खेला जाएगा।

मध्य प्रदेश की इस शानदार जीत और सरदारपुर ( डीएफए धार) की पायल, टीना, सुनीता, चंचल और दीपिका के शानदार प्रदर्शन पर श्रीमान कलेक्टर, श्रीमान पुलिस अधीक्षक पदेन अध्यक्ष डीएफए, कार्यकारी अध्यक्ष शमशेर सिंह यादव, डीएफए सचिव सुभाष डेविड, डीएसओ राजेश शाक्य, डीएसओ ओमप्रकाश हरोड़, डॉ. मधुकमल हिवाले, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ज्योति चौहान, डीएफए एनआईएस कोच उत्कर्ष डेविड, एडवोकेट खालिद निसार फुटबॉल प्रशिक्षक राजीव डेविड और शैलेंद्र पाल डॉ.नरेंद्र (राकेश) वाला, ब्यूरो चीफ विजय शिंदे,भादर सिंह पंवार, नजमुल हसन कुरेशी, संतोष पुरोहित, सुंदर रायकवार , मनोज चौहान, निर्मल वाल्टर ,विनोद यादव, मुकेश राठौड़, लेखराज मकवाना, मोहित यादव, लखन भाटिया, दुर्गेश वर्मा ,कृष्णा सुजान, शैलेंद्र डेविड, सुनील डेविड ,राजेश सक्सेना,



जयानंद तिमोथी, रामचंद्र वर्मा ,पंकज वर्मा राजेंद्र सिंह होरा, आशीष अमलियार,संजय हटीला, हिमांशु पंवार, धीरेंद्र भूरिया, ज्योति परमार, स्नेहा खराड़ी, चेतना मारू, नेहा मकवाना, राधिका नरेंद्र, जिया राणा तथा अनेक खेल प्रेमियों और खेल संगठनों ने हर्ष जताते हुए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# महिला फीडे ग्रां प्री शतरंज – बीबीसारा नें पोलिना को हराकर बनाई बढ़त

नई दिल्ली । फीडे महिला ग्रां प्री सीरीज के तीसरे टूर्नामेंट में 6 राउंड के बाद कजाकिस्तान की बीबीसारा अस्सुबाएवा और चीन की जू जिनर 4 अंक बनाकर सयुंक्त बढ़त पर चल रही है हालांकि टाईब्रेक के आधार पर बीबीसारा पहले स्थान पर पहुँच गयी है। बीबीसारा नें छठे राउंड में रूस की पोलिना शुवालोवा को पाजीत करते हुए टूर्नामेंट में अपनी चौंथी जीत दर्ज की। बीबीसारा नें इससे पहले भारत की हरिका द्रोणावल्ली , आर वैशाली और जॉर्जिया की नीनों बतसीश्वली को पराजित किया था जबकि रूस की आलेक्सान्द्रा गोरयाचकिना से उन्हे हार का सामना करना पड़ा था। चीन की जू जिनर नें इस राउंड में जॉर्जिया की नाना दगनिडजे से ड्रॉ खेला जबकि भारत की कोनेरु हम्पी को आज जर्मनी की एलीसाबेथ पेहेट्ज़ के हटने की वजह से एक अंक मिला और वह अब 3.5 अंक बनाकर गोरयाचकिना और पोलिना के साथ सयुंक्त तीसरे स्थान पर चल रही है। टूर्नामेंट 10 खिलाड़ियों के बीच राउंड रॉबिन आधार पर खेला जाएगा। फीडे ग्रां प्री का महत्व इसीलिए ज्यादा है क्यूंकी यह फीडे की विश्व शतरंज चैंपियनशिप साइकल का हिस्सा है।



# संदीपा धार ने अपनी अगली फिल्म की तैयारी शुरू की

संदीपा धार ने इंस्टाग्राम स्टोरी के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट की तैयारी की घोषणा की। अभिनेत्री ने हाल ही में शूटिंग के लिए दिल्ली के लिए उड़ान भरी और सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिये, अपने नवीनतम शो की उत्सुकता को और बढ़ाते हुए नज़र आई। हाल के दिनों में अभय, मुमभाई, बिसात, माई और डॉ. अरोड़ा सहित विभिन्न शो में अपने विविध किरदारों से दर्शकों को प्रभावित करते हुए, संदीपा धार लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन कर रही हैं। संदीपा अपने अगले शो की शूटिंग शुरू करने के लिए पहले ही दिल्ली पहुंच चुकी हैं, हालाँकि शो के बारे में अभी जानकारी नहीं दी गई है। एक सूत्र ने खुलासा किया, संदीपा सोमवार, 27 मार्च को दिल्ली आ चुकी हैं और 1 अप्रैल से शो की शूटिंग शुरू करेंगी। वर्तमान में वह स्क्रिप्ट रीडिंग सेशंस, फिटिंग और ट्रायल्स आदि के साथ भूमिका की तैयारी कर रही है। संदीपा एक अभिनेत्री होने के साथ-साथ एक प्रशिक्षित डांसर भी हैं। अंतर्राष्ट्रीय म्यूज़िकल वेस्ट साइड स्टोरी का नेतृत्व करने वाली, संदीपा धर शो में एकमात्र भारतीय कलाकार थीं। अभिनेत्री ने हीरोपंती, दबंग 2 और कागज़ जैसी फिल्मों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।







# माही विज हुई कोविड पॉजिटिव

बालिका वधू की अभिनेत्री माही विज, जिनका कोविड-19 टेस्ट पॉजिटिव आया है, सभी सावधानियां बरत रही हैं और अपने बच्चों से दूर रह रही हैं। अभिनेत्री ने अपने सिंपटम को साझा किया और कहा कि यह उनके लिए कठिन है क्योंकि उनकी बेटियां तारा और खुशी उन्हें याद करती रहती हैं। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए दिल तोड़ने वाला है क्योंकि वे उन्हें लगातार फोन कर रहे हैं लेकिन बीमारी के कारण वह उनके साथ नहीं हो सकते। उन्होंने सभी को सावधान रहने की सलाह दी और कहा कि इस बार कोविड पहले से भी ज्यादा खराब है क्योंकि उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही है। उन्होंने एक वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें अपने स्वास्थ्य के बारे में बात करते हुए सुना जा सकता है और यह भी कहा कि सभी के यह कहने के बावजूद कि यह सिर्फ फ्लू है, वह परीक्षण के लिए गई और यह पॉजिटिव निकला। लाल इश्क की एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा है, मैं कोविड पॉजिटिव हूं। अपने बच्चों से दूर दिल टूट जाता है जब मैं अपनी बेटी को मेरे लिए रोते हुए देखती हूं। कृपया अपना ख्याल रखें इसे आसानी से न लें। उनके पोस्ट के बाद, कॉमेडियन भारती सिंह ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की, कुछ नहीं जल्दी ठीक हो जाओ, जल्दी ठीक हो जाओ। माही ने जवाब दिया- थैंक यू गोलू की मम्मा। माही ने 2011 में लोकप्रिय टीवी अभिनेता जय भानुशाली से शादी की। 2017 में, उन्होंने एक लड़के, राजवीर और एक लड़की खुशी को गोद लिया। दंपति की पहली अपनी संतान, तारा नाम की एक बेटी है, जिसका जन्म 2019 में हुआ था। काम के मोर्चे पर, उन्हें खतरों के खिलाड़ी 7, झलक दिखला जा 4, नच बलिए 5 जैसे रियलिटी शो में भी देखा गया था।



**एक्ट्रेस के हेयर केयर ब्रांड ने हासिल की यह उपलब्धि**

# प्रियंका ने बिजनेस की दुनिया में भी लहराया परचम

बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं। प्रियंका बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी एक अलग पहचान बना चुकी हैं। प्रियंका चोपड़ा एक्ट्रेस के साथ-साथ एक बिजनेसवुमन भी हैं। प्रियंका एक रेस्टोरेंट, हेयर प्रोडक्ट और होम वेयर लाइन की मालकिन हैं। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा की हेयर केयर कंपनी के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। प्रियंका की कंपनी ने कमाई के मामले में दुनिया भर के सेलेब्रिटी ब्रॉन्ड्स को पछाड़ दिया है। प्रियंका की कंपनी काइली जेनर और सेलेना गोमेज को पछाड़ 2023 की दूसरी सबसे अमीर सेलिब्रिटी ब्रांड बन गई है। बताया जा रहा है कि प्रियंका चोपड़ा की कंपनी दुनिया में सबसे ज्यादा फायदा हासिल करने वाली दूसरी बड़ी कंपनी बन गई है। इस कंपनी ने 429.9 पाउंड मिलियन का रिवेन्यू किया है। इसके अलावा लिस्ट में नंबर वन पर रिहाना की कंपनी फेंटी ब्यूटी है, जिसका रिवेन्यू 477.2 पाउंड मिलियन तक पहुंच गया है। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा की हेयर केयर कंपनी का नाम एनॉमली है जिसकी शुरुआत साल 2021 में हुई थी। प्रियंका ने बताया था कि उनके हेयर एंड केयर प्रोडक्ट में पैथलेट्स, सल्फेय जैसे नुकसानदाय केमिकल्स के बजाए नेचुरल चीजों का इस्तेमाल किया जाता है।

# विक्रम वेधा में अपने किरदार में ढलने के लिए रितिक ने ऐसे की थी तैयारी

बॉलीवुड एक्टर रितिक रोशन की फिल्म विक्रम वेधा बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। इस फिल्म में रितिक ने गैंगस्टर का किरदार निभाया था। वहीं फिल्म में सैफ अली खान पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आए थे। हाल ही में रितिक रोशन ने फिल्म में अपने किरदार वेधा की तैयारी करते हुए एक बीटीएस वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। फिल्म विक्रम वेधा में रितिक रोशन का एकदम अलग अंदाज देखने को मिला था। उन्होंने पूरी बारीकी से खुद को वेधा के किरदार में ढाल लिया था। रितिक ने अपने किरदार में ढ़लने के लिए वॉइस ट्रेनिंग से लेकर जिबरिश बोलने और 80 के दशक के म्यूजिक पर डांस करने तक सब कुछ किया। बीटीएस वीडियो शेयर करते हुए रितिक रोशन ने कैप्शन में लिखा, वेधा बनने के लिए मुझे सबसे पहले येड़ा बनना पड़ा। तैयारी और वेधा बनने के 9 महीने – अक्टूबर 2021 से जून 2022 तक। ठीक उसी समय जब मानव जीवन जन्म लेता है। वेधा शुरुआत से ढलने की एक प्रक्रिया रही है, आज यह एक ऐसा किरदार है जिस पर मुझे गर्व है।





# बोल्ड लुक्स के साथ जेनिफर पर वापिस लौटीं


टीवी एक्ट्रेस जेनिफर विंगेट अपनी पर्सनल लाइफ को इंस्टाग्राम से गायब थीं। एक्ट्रेस ने धमाकेदार अंदाज में वापसी की है और उनके कमबैक से फैंस बेहद खुश हैं। एक्ट्रेस के किलर लुक देख आप उनके कायल हो जाएंगे। जेनिफर विंगेट ने 30 मार्च 2023 को इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक के बाद एक अपनी कई फोटोज शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने एक मैगजीन के लिए फोटोशूट करवाया हैं। ब्लू-रेड प्रिंटेड लहंगे में जेनिफर का अंदाज देखने लायक है। एक्ट्रेस ने न्यूड मेकअप के साथ अपनी आंखों का जादू चलाया है। इंडो वेस्टर्न लुक में भी जेनिफर कमाल की लग रहीं हैं। जेनिफर का हाई-नेक स्वेटर और बूट्स के साथ साड़ी लुक भी कमाल का है। एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को डबल लेयर्स ज्वेलरी और एक चोकर से पूरा किया है। बता दें कि एक्ट्रेस ने आखिरी बार 20 फरवरी 2023 को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था।

# सलमान को बॉम्बे हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने 2019 में पत्रकार से मारपीट और दुर्व्यवहार मामले में सलमान के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पत्रकार से दुर्व्यवहार करने के आरोपों को गलत बताते हुए सलमान खान के खिलाफ की गई शिकायत को खारिज कर दिया है। यह फैसला जस्टिस भारती डांगरे की सिंगल बेंच ने दिया है। 2019 में अशोक पांडे नाम के एक पत्रकार ने आरोप लगाया था कि सलमान और उनके बॉडीगार्ड नवाज शेख ने उनके साथ मारपीट की और गाली-गलौज भी की। पत्रकार ने अपनी शिकायत अंधेरी में मैजिस्ट्रेट के पास की थी। पत्रकार के वकील ने शिकायत दाखिल करते हुए बताया था कि जब अशोक पांडे 2019 में सलमान साथ एक फोटो ले रहे थे तभी अभिनेता के बॉडीगार्ड्स ने उनका फोन छीन लिया और उनसे मारपीट की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सलमान ने भी उन्हें धमकाया था। पत्रकार ने आईपीसी की धारा 323, 392 और 506 के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। अंधेरी मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने सलमान खान को पत्रकार की शिकायत पर समन भेजा था। इस पर सलमान खान ने हाईकोर्ट का रुख किया था। पिछले साल बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस मामले में सलमान को राहत देते हुए समन पर रोक लगा दी थी। अब हाईकोर्ट ने सलमान पर लगे सभी आरोपों को निराधार बताते हुए उन्हें क्लीन चिट दे दी है।

# रणवीर और दीपिका की पद्मावत में थी भारत में ऑस्कर लाने की पूरी क्षमता : महावीर जैन

ऑस्कर हमेशा से किसी भी कलाकार के लिए सर्वोच्च सम्मान रहा है। यह अधिकांश के लिए एक सपना है और कुछ के लिए वास्तविकता है। हाल ही में, हमारी भारतीय संस्कृति में निहित कहानियों ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। उदाहरण के लिए, आरआरआर बनाने और कहानी कहने की अपनी शैली में अप्राप्य रूप से भारतीय था। निर्माता महावीर जैन के अनुसार, एक भारतीय कहानी जिसकी वैश्विक अपील थी और जिसमें हमारे देश को ऑस्कर दिलाने की पूरी क्षमता थी वह संजय लीला भंसाली की पद्मावत थी। जिस तरह से उन्होंने अपनी सिनेमाई कहानी के माध्यम से भारतीय मूल्यों और संस्कृति के लोकाचार को एक भव्य कैनवास पर उकेरा वह बेजोड़ और अभूतपूर्व था। भारतीय नारी का राजसत्ता, गरिमा, त्याग और जीवन से बड़ा व्यक्तित्व मंत्रमुग्ध कर देने वाला था। महावीर जैन का कहना है कि भारत में, हमें एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है जहां हम वैश्विक दर्शकों के लिए फिल्म बनाने के लिए अपनी युवा प्रतिभा का पोषण और प्रशिक्षण करें, भारत के दर्शन को प्रस्तुत करें और इसे पूरी दुनिया के सामने प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा, वर्तमान परिदृश्य में, जो फिल्म सभी का दिल जीत लेगी, वह है राजकुमार हिरानी की डंकी। मुझे यकीन है, यह पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ देगा और पूरी दुनिया में व्यापक प्रभाव पैदा करेगा। राजू जी की कहानी और लोगों



के साथ भावनात्मक जुड़ाव अद्वितीय रहा है। बता दें कि साल 2018 में रिलीज हुई पद्मावत बॉलीवुड की आइकॉनिक फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और शाहिद कपूर लीड रोल में थे। इस फिल्म का नाम पहले पद्मावती रखा गया था, लेकिन कुछ संगठनों के विरोध के बाद फिल्म का नाम पद्मावत कर दिया गया था।



# तब्बू सहजता से अपने किरदारों के सुर में ढल जाती हैं : अजय देवगन

बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन, जो इस समय अपनी आगामी निर्देशित फिल्म भोला की रिलीज की तैयारी में व्यस्त हैं, ने हाल ही में फिल्म में तब्बू को निर्देशित करने के अपने अनुभव को साझा किया। दोनों अभिनेताओं ने सह-अभिनेताओं के रूप में या अभिनेता-निर्देशक के रूप में कई अवसरों पर सहयोग किया है। तब्बू को निर्देशित करने के बारे में बात करते हुए, अजय ने कहा- वह बहुत सहज है। मुझे उसके बारे में यही पसंद है। इसके अलावा, वह इतनी अच्छी तरह से टोन लेती है कि आपको निर्देशक के रूप में इसे और आगे ले जाने की आवश्यकता नहीं है। भोला और तब्बू के किरदार डायना के बीच भावनात्मक दृश्य है जहां मुझे लगता है कि उसने शानदार काम किया है। निर्देशक-अभिनेता ने भोला में इस्तेमाल किए गए उपकरणों के बारे में भी बताया। उन्होंने ऑन द सीन सेगमेंट के दौरान आईएमडीबी को बताया- हमने भारतीय फिल्म के बजट के साथ तालमेल बिठाने के लिए विभिन्न प्रकार के कैमरे इन-हाउस बनाए हैं। हमने रोबोटिक कैमरे डिजाइन किए हैं जो एक्शन शॉट्स प्राप्त करने के लिए स्वयं चलते हैं जो अन्यथा असंभव हैं और कैमरामैन के लिए शूट करना बहुत जोखिम भरा है। अजय देवगन द्वारा निर्देशित भोला में विनीत कुमार, दीपक डोबरियाल और संजय मिश्रा जैसे कलाकारों की दमदार लाइन-अप है। यह फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में आने वाली है।